हरिभूमि
रायपुर भूमि



# राजधानी में खंड वर्षा कोटा 30 प्रतिशत कम

**चिपचिपी और उमस भरी गर्मी ने बढ़ाई परेशानी तापमान सामान्य से 4 डिग्री अधिक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कई दिनों के बाद बुधवार को राजधानी में हल्की बारिश हुई। सुबह से हल्के बादल छाए रहने के बाद हुई बारिश भी पूरे शहर में नहीं हुई। खंड वर्षा की स्थिति शहर में रही। हल्की बारिश के बाद चिपचिपी और उमस भरी गर्मी ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी। रायपुर का तापमान बुधवार को सामान्य से 3.9 डिग्री अधिक 34.8 डिग्री दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.5 डिग्री अधिक 26.1 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। प्रदेश में सब डिविजनल वर्षा 30% कम है। ▶▶|शेष पेज 15 पर



### निर्मित हो रहा निम्न दाब क्षेत्र

*मौसम विभाग के अनुसार, एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी तथा उत्तर ओडिसा-पश्चिम बंगाल तक के पास स्थित है इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।*

**पुलिस ने तेलीबांधा के पास ग्रामीण और कांग्रेस नेताओं को रोका, रोके जाने पर ग्रामीणों की पुलिस के साथ धक्का मुक्की**

# नकटी के ग्रामीणों का लोकभवन कूच, तेलीबांधा में रोका, धक्कामुक्की, सड़क पर किया भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नकटी गांव में 77 मकानों को बुलडोजर से तोड़े जाने के विरोध में वहां के ग्रामीणों ने पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में 14 किलोमीटर की पदयात्रा निकाली। पदयात्रा निकालने का उद्देश्य लोकभवन पहुंचकर राज्यपाल से मिलकर ज्ञापन सौंपना था। पदयात्रा को पुलिस ने तेलीबांधा स्थिक मेक इन इंडिया चौक के पास रोक लिया। पदयात्रा रोके जाने से कांग्रेसी तथा ग्रामीणों की पुलिस के साथ धक्का मुक्की हुई। ग्रामीण तथा कांग्रेस के 15 सदस्यी प्रतिनिधिमंडल को राज्यपाल से मुलाकात कराने ले जाया गया।

ग्रामीण तथा कांग्रेसी राज्यपाल से मिलने लोकभवन पहुंचे, तब उनकी मुलाकात राज्यपाल से नहीं हो पाई। इसके पूर्व दो बार पत्र देकर कांग्रेस नेता ▶▶|शेष पेज 15 पर



### लगे घर बनाओ के नारे

पदयात्रा में महिलाओं ने नकटी में ही घर बनाओ के नारे लगाते हुए शासन से गांव में ही पुनर्वास की मांग की। उन्होंने पुलिस पर मारपीट का भी आरोप लगाया। पदयात्रा में पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, अनिता योगेंद्र शर्मा, अनिला भेड़िया, प्रमोद दुबे समेत सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और प्रभावित परिवार शामिल हुए।

### मोच आने पर कार से पहुंचे बैज

पदयात्रा में कुछ दूरी तय करने के बाद पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज अपनी कार में बैठकर रवाना हुए। उनका कहना था कि उनके पैर में पहले से हल्की मोच थी। पैदल चलने की वजह से मोच और बढ़ गयी, जिसकी वजह से पैर का दर्द बढ़ गया और उन्हें पैदल चलने में परेशानी हो रही थी। इस वजह से वे कार में सवार होकर पदयात्रा में शामिल हुए।

### रास्ते में बैठकर भोजन ग्रहण

राम मंदिर के डेढ़ किलोमीटर पहले फुंडहर के पास ग्रामीण तथा कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं ने ग्रीन कॉरिडोर बनाकर बीच रास्ते में पंगत लगाकर भोजन ग्रहण किया। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पदयात्रा मेक इन इंडिया चौक के पास पहुंची। इसके बाद पुलिस ने पदयात्रा को आगे बढ़ने से रोक दिया। इस दौरान ग्रामीण तथा कांग्रेसियों की पुलिस के साथ धक्का मुक्की हुई। प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश की।



### पदयात्रा के दौरान रही ट्रैफिक जाम की स्थिति

पदयात्रा को ध्यान में रखते हुए सुबह दस से शाम चार बजे तक श्री राम मंदिर तिराहा से तेलीबांधा थाना तिराहा तक सर्विस रोड पर आवाजाही करने पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई थी। इस कारण एयरपोर्ट जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ा। एयरपोर्ट जाने वाले लोग डायवर्टेड रूट से एयरपोर्ट पहुंचे। श्री राम मंदिर के पास लोगों को जाम से जूझना पड़ा। इस दौरान नियमित आवाजाही करने वालों की पुलिस के साथ नोक झोंक भी हुई। श्री मंदिर चौक के पास लोगों को जाम से जूझना पड़ा। पदयात्रा मेक इन इंडिया चौक के पास पहुंची, तब वहां जाम की स्थिति निर्मित हुई। जाम का असर तेलीबांधा से भगत सिंह चौक तक रहा।

# विश्व के 20 विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर नवाचार व शोध करेगा एचएनएलयू

- बैंकॉक में किए गए समझौते, ऐसा पहली बार
- दक्षिण एशिया, दक्षिण-पूर्व एशिया और संयुक्त अरब अमीरात के 20 प्रतिष्ठित विवि शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हिदायतुल्ला विधि विवि विश्वभर के 20 विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर नवाचार और शोध करेगा। वैश्विक नवाचार और अनुसंधान के लिए 20 अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के साथ विधि विवि द्वारा एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। थाईलैंड के बैंकॉक में आयोजित एक प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन के दौरान यह समझौता हुआ। इस ऐतिहासिक समझौते पर दक्षिण एशिया, दक्षिण-पूर्व एशिया और संयुक्त अरब अमीरात के 20 अग्रणी और प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों ने हस्ताक्षर किए हैं। यह कदम उच्च शिक्षा, नवाचार, ▶▶|शेष पेज 15 पर

### रिसर्च मॉडल की सराहना

कुलपति प्रो. विवेकानन्दन ने एचएनएलयू का प्रतिनिधित्व करते हुए ने विश्वविद्यालय के अभिनव रिसर्च हब एंड स्पोक मॉडल पर आधारित एक केस स्टडी प्रस्तुत की। इसके माध्यम से उन्होंने एचएनएलयू के अंतर्विषयी अनुसंधान तंत्र, बाह्य वित्तपोषित (एक्सटर्नली फंडेड) शोध ▶▶|शेष पेज 15 पर









# नकटी में बुलडोजर कार्रवाई पर सदन में बवाल

## स्थगन प्रस्ताव अग्राह्य, गर्भगृह में पहुंचे कांग्रेस विधायक निलंबित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर**

ग्राम नकटी में बुलडोजर कार्रवाई के मुद्दे पर विधानसभा में पक्ष और विपक्ष के बीच जमकर नारेबाजी हुई। मुद्दे पर विपक्ष के स्थगन का प्रस्ताव पेश किया गया, जिसे आसंदी ने अग्राह्य कर दिया। आसंदी ने विपक्ष को नकटी में तोड़फोड़ विधायक कॉलोनी के लिए किए जाने का पत्र पटल पर रखने की भी अनुमति नहीं दी। विपक्षी इस पर गर्भगृह में पहुंचकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने के साथ स्वमेव निलंबित हो गए। शून्यकाल में नकटी ग्राम में हुई तोड़फोड़ मामले को लेकर कांग्रेस ने स्थगन प्रस्ताव लाया। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत द्वारा लाए गए स्थगन प्रस्ताव में कहा गया कि नकटी गांव में जिन 85 घरों को तोड़ा गया, उनमें से कई घर पीएम आवास से बने थे। बिजली, पानी की सुविधा थी। उन्हें जो वैकल्पिक घर दिया जा रहा है, वह बहुत छोटा है। उन्होंने नकटी में हुई तोड़फोड़ को अमानवीय बताते हुए इस पर सदन में चर्चा करने की मांग की। कांग्रेस विधायकों ने कहा, उजाड़ने से पहले पुनर्वास की व्यवस्था होनी चाहिए। सांसद के आश्वासन के बाद भी बुलडोजर की कार्रवाई निंदनीय है। लखेश्वर बघेल ने कहा, विधायक कॉलोनी के लिए गरीबों के मकान तोड़ा जाना उचित नहीं है। अजय चंद्राकर ने इस पर कहा, नकटी में विधायक कॉलोनी निर्माण को लेकर यदि दस्तावेज है, तो उसे सदन के पटल पर रखा जाना चाहिए।





### विधानसभा अध्यक्ष ने किया अग्राह्य

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के वक्तत्व सुनने के बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने स्थगन प्रस्ताव को अग्राह्य कर दिया। इससे नाराज विपक्षी नारेबाजी करते हुए गर्भगृह में पहुंच गए, इसके साथ ही सभी विधायक स्वमेव निलंबित हुए।

### मंत्री ने कहा- नियमानुसार तोड़ा गया

नकटी गांव की चर्चा पर राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने सदन में स्पष्ट किया कि पूर्णतः वैधानिक कार्रवाई है। अतिक्रमण की शिकायत की गई थी, जिसकी जांच अतिरिक्त तहसीलदार ने की थी। अवैध कब्जे पाए जाने पर उसे हटाने का आदेश 2025 में पारित किया गया। उसके बाद 28 जून को बेदखली की कार्रवाई की गई। मंत्री ने बताया कि अतिक्रमण कब्जाधारियों को हटाने से पहले उन्हें अपने सामान हटाने का समय दिया गया। प्रशासन की ओर से सेक्टर 30, नवा रायपुर में प्रभावितों को फ्लैट दिया गया। अतिक्रमणकारियों का पुनर्वास भी किया गया है। कब्जाधारियों के घरेलू सामान को कोई क्षति नहीं पहुंचायी गयी, इसलिए यह कहना सही नहीं है कि तोड़फोड़ के दौरान क्षेत्र वर्षा से प्रभावित था।

# स्वास्थ्य विभाग में अमानक दवाओं पर उठे सवाल

## मंत्री ने कहा- प्रतिबंधित दवा नहीं खरीदी गई

विधानसभा में गुजरात की यूनिक्योर इंडिया लिमिटेड की अमानक दवाइयां छत्तीसगढ़ में खरीदी पर सवाल उठाए गए। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा, जो दवाइयां गुजरात में बैन हैं, उसे छत्तीसगढ़ में बैन क्यों नहीं किया गया। आखिरकार गुजरात की परिपाटी से अलग छत्तीसगढ़ में कैसे खरीदी हुई। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा, एहतियात के तौर पर दवाइयां छत्तीसगढ़ में बैन कर दी गई हैं।




मंत्री ने कहा प्री-परचेंसिंग टेस्ट का कोई प्रावधान नहीं है। दवा सप्लाई के बाद उसका टेस्ट लैब में कराते हैं। राज्य में कोई भी प्रतिबंधित दवाएं नहीं खरीदी गईं। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा, यह सत्य है कि गुजरात मेडिकल सर्विसेस कॉपेरिशन लिमिटेड की दवा निर्माता कंपनी मेसर्स यूनिक्योर इंडिया लिमिटेड के औषधि एस्पिरिन टैबलेट्स आइपी 150 मिलीग्राम एवं एस्पिरिन गैस्ट्रो-रजिस्टेन्ट टैबलेट्स आइपी 75 मिलीग्राम को गुणवत्ता मानकों पर विफल होने के कारण ब्लैकलिस्ट की गई थी। 25 मार्च को फर्म यूनिक्योर इंडिया लिमिटेड सीजीएमएससी लिमिटेड को सूचना प्राप्त हुई थी। प्रश्नकाल में विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा, छत्तीसगढ़ में मरीजों को बिना क्वॉलिटी की दवा दी जा रही है। क्या यहां प्रीटेस्ट नहीं करा रहे हैं? स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, सीजीएमएससी के नियम पहले से बने हुए हैं। प्री टेस्ट नहीं कराते हैं, लेकिन जब दवाई आ जाती हैं, तब हम अपनी लैब में टेस्ट कराते हैं।

**एस्पिरिन की अनकोटेड टेबलेट आपूर्ति के आदेश**

मंत्री ने कहा कि यह सत्य नहीं है कि छत्तीसगढ़ में इसी अमानक औषधि के क्रय एवं आपूर्ति आदेश को त्वरित स्वीकृति प्रदान की गई थी। सत्य तो ये है कि सीजीएमएससी लिमिटेड ने फर्म यूनिक्योर इंडिया लिमिटेड को औषधि एस्पिरिन टैबलट्स आइपी 75 मिलीग्राम (अनकोटेड टैबलेट) की आपूर्ति के लिए क्रय आदेश जारी किया था, जो कि इंडियन फॉर्माकोपिया 2022 अनुसार, गुजरात मेडिकल सर्विसेस कॉपेरिश लिमिटेड द्वारा प्रतिबंधित किए गए औषधि से अलग है।



**प्लेसमेंट एजेंसियों के भर्ती नियम उल्लंघन पर कार्रवाई**

विधायक धरमलाल कौशिक ने सरकारी मेडिकल संस्थाओं में आउटसोर्सिंग के जरिए भर्ती करने के नियमों का मामला उठाया। उन्होंने पूछा कि क्या आउटसोर्सिंग के जरिए जो लोग स्वास्थ्य संस्थानों में भर्ती किए जाते हैं, उनका पुलिस वेरिफिकेशन कराने का क्या नियम है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, सुरक्षा और सफाई किए जा रहे भर्ती का पुलिस वेरिफिकेशन करवा रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यदि नियमों का उल्लंघन हुआ होगा तो संबंधित अधिकारी और एजेंसियों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

# इंद्रावती टाइगर रिजर्व में बाघों की तस्करी और मौत

## मंत्री ने कहा- दोषियों पर कड़ी कार्रवाई

छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने इंद्रावती टाइगर रिजर्व में बाघों के शिकार का मामला उठाया। उन्होंने वन विभाग की लापरवाही से बाघों के लगातार शिकार होने का आरोप लगाया। वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा, छत्तीसगढ़ में बाघों की संख्या बढ़ रही है, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से नेता प्रतिपक्ष ने बाघों के शिकार मामले में पूछा कि गिरफ्तार आईबी के जवान का नाम सार्वजनिक क्यों नहीं किया गया? क्या इसमें कोई राजनीतिक सिंडीकेट है? अलर्ट जारी हुआ था फिर भी लापरवाही बरती गई। उन्होंने कहा, 30 महीने में 6 बाघ की मौत हुई। छत्तीसगढ़ में बाघों की चोरी हो रही है और कैमरे बंद हो जा रहे। वन मंत्री केदार कश्यप ने महंत के सवालों का जवाब देते हुए कहा, किसी को बचाने की कोशिश नहीं की गई है, न ही किसी का नाम छिपाया गया। वन्य जीवों की रक्षा के लिए वन विभाग सक्रिय है। कोई कैमरे में खराबी नहीं थी, बंद नहीं थे। 126 कैमरे लगाए गए हैं। कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी ने वन मंत्री से पूछा, इंद्रावती टाइगर रिजर्व में कितने बाघ हैं? इंद्रावती टाइगर रिजर्व का वार्षिक बजट कितना होता है? वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा, 2022 की जानकारी के अनुसार इंद्रावती टाइगर रिजर्व में 5 बाघों की पुष्टि हुई है, 6 बाघों की खाल मिली हैं। जो बाघ की खाल मिली हैं, वो इंद्रावती के ही हैं, यह पुष्टि नहीं हुई है। उन्होंने कहा, इंद्रावती टाइगर रिजर्व में 10 करोड़ प्रति वर्ष व्यय करते हैं।




**पांच माह में तीन बाघों का शिकार**

वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा, इन्द्रावती टाइगर रिजर्व में पांच माह पूर्व तीन बाघों के शिकार की घटना हुई है। एक प्रकरण दंतेवाड़ा वनमण्डल में 17 मार्च को दर्ज किया गया है, जिसमें आरोपी से एक बाघ की खाल जब्त की गई थी। प्रकरण में 14 आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। 29 जून को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति गढ़चिरौली से बाघ की खाल लेकर छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे हैं। एंटी-पोचिंग टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए कांकेर जिले में बांदे पखांजूर मार्ग पर दो संदिग्धों बियेश्वर गेड़ाम ग्राम अहेरी एवं बाबूराव मडावी, ग्राम गडअहेरी, जिला गढ़चिरौली के पास से बाघ की 2 खालें, 13 मूंछें जब्त की। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने महाराष्ट्र पुलिस विभाग से संबद्ध होना बताया। मंत्री ने बताया, बियेश्वर गेड़ाम महाराष्ट्र पुलिस के इंटेलिजेंस सेल (इंटसेल), विशेष शाखा गढ़चिरौली में पुलिस सिपाही है तथा बाबूराव मंडावी गढ़चिरौली पुलिस के अंतर्गत गोपनीय मुखबिर है। न्यायालय भानुप्रतापपुर के समक्ष पेश कर जेल दाखिल कराया गया है। मंत्री ने बताया, वन विभाग की टीम केवल प्राथमिक जब्ती पर नहीं रुकी। पकड़े गए तस्करों से कड़ाई से पूछताछ के आधार पर छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की सीमा पर इन्द्रावती नदी के किनारे स्थित छत्तीसगढ़ राज्य के नेतीवाड़ा गांव में एक व्यापक और सघन सर्च ऑपरेशन चलाया गया।

# विधायक सुनील सोनी बोले- रायपुर में चारों दिशाओं पर फायर स्टेशन बनाने की जरूरत

विधानसभा में भाजपा विधायक सुनील सोनी ने कहा, पुराने रायपुर की आबादी लगातार बढ़ने के बाद भी यहां एक ही फायर स्टेशन है। जिस तरह यहां की आबादी 16-17 लाख पर पहुंच चुकी है, उसे देखते हुए शहर की चारों दिशाओं में फायर स्टेशन बनाने की जरूरत है। प्रश्नकाल में सुनील सोनी ने सवाल किया कि प्रदेश के कितने जिलों में फायर स्टेशन की सुविधा जून 2026 तक विकसित नहीं की जा सकी है? फायर वाहनों की खरीद हेतु कितनी राशि गृह विभाग को प्राप्त हुई है? क्या जून 2026 तक फायर वाहनों की खरीद की जा चुकी है? उप मुख्यमंत्री (गृह) विजय शर्मा ने जवाब दिया कि प्रदेश के 6 जिलों में फायर स्टेशन की सुविधा जून 2026 तक विकसित नहीं की जा सकी है। फायर स्टेशनों के आधुनिकीकरण एवं फायर वाहन खरीदी हेतु अप्रैल से जून तक 1 अरब 56 करोड़ 71 लाख 29 हजार का आबंटन गृह विभाग को प्राप्त हुआ। फायर वाहनों की खरीदी की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।




**आबादी के हिसाब से चारों दिशाओं में हो फायर स्टेशन**

सुनील सोनी ने पूछा कि रायपुर में वर्तमान में कितने फायर स्टेशन सक्रिय हैं और कितने खोलने की योजना है? उप मुख्यमंत्री ने बताया कि अग्नि शमन विभाग पहले नगर निगम से संचालित होता था, जिसे अलग किया गया। पुराना रायपुर के टिकरापारा के अलावा नया रायपुर में फायर स्टेशन है।

# विधानसभा में चार विधेयक पारित

- निजी विवि विधेयक का कांग्रेस ने किया बहिष्कार
- तीन विधेयक पारित किए गए जिन पर आज होगी चर्चा

विधानसभा के मानसून सत्र में बुधवार को 4 विधेयकों को पारित कर दिया गया। विधानसभा में प्रस्तुत किए गए विधेयकों पर चर्चा कराई गई। पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने अपने विचार रखे। छत्तीसगढ़ निजी विवि स्थापना एवं संचालन संशोधन 2026 में उच्च शिक्षा मंत्री के जवाब से असंतुष्ट कांग्रेस सदस्यों ने उमेश पटेल के नेतृत्व में सदन से बहिष्कार किया। विधानसभा जिन विधेयक को पारित किया गया उनमें छत्तीसगढ़ भाड़ा नियंत्रण, संशोधन विधेयक को पारित कर दिया गया। चर्चा के दौरान कांग्रेस विधायक राघवेंद्र सिंह ने इस विधेयक के कुछ धाराओं में सुधार करने का सुझाव दिया। छत्तीसगढ़ मूल्य संवर्धित कर संशोधन विधेयक 2026 और छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर संशोधन विधेयक को चर्चा के बाद पारित कर दिया गया। विधानसभा में बुधवार को 3 विधेयक पेश किए गए। इन विधेयकों में छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा विधेयक, औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन संशोधन विधेयक 2026, छत्तीसगढ़ ईज ऑफ डूइंग विजनेस विधेयक 2026 पेश किया गया। इन विधेयकों पर चर्चा का पारित किया जाएगा।

# पीएमजीएसवाई की सड़कों के संधारण पर उठे सवाल

# डिप्टी सीएम शर्मा ने कहा- कैबिनेट के सामने रखेंगे नया प्रस्ताव

छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़कों के संधारण को लेकर लंबी चर्चा हुई। भाजपा विधायक प्रबोध मिंज के सवालों से शुरू हुई चर्चा के बाद सवालों की झड़ी लग गई। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा, 5 साल की मेंटेनेंस अवधि खत्म होने के बाद भी सड़कों की नियमित मरम्मत होती रहे, तो उनकी उम्र बढ़ सकती है। उन्होंने बताया कि विभाग ने इसके लिए नया प्रस्ताव बनाया है, जिसे कैबिनेट के सामने रखा जाएगा। सदन में 10 विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्र की सड़कों का मामला उठाया, जिस पर डिप्टी सीएम ने सभी के जवाब दिए। इस पर अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने तारीफ भी की। प्रश्नकाल में प्रबोध मिंज ने अपने क्षेत्र की सड़कों की स्थिति, मरम्मत और बजट को लेकर पूछा कि लुंड्रा विधानसभा में पीएम ग्राम सड़क योजना के तहत कितनी सड़कें बनीं, उनकी वर्तमान स्थिति क्या है और मरम्मत के लिए कितना खर्च किया गया है? पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा ने जवाब में कहा, लुंड्रा विधानसभा क्षेत्र में पीएमजीएसवाई के विभिन्न चरणों को मिलाकर कुल 171 सड़कें हैं। 87 सड़कें ऐसी हैं जिनका 5 साल का रखरखाव चल रहा है। 24 सड़कें निर्माणाधीन हैं और 28 नई सड़कें 5 साल की अवधि के भीतर हैं। 1 सड़क लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित की गई है। 31 सड़कें मरम्मत योग्य हैं।

### चिंता भी सही, जवाब भी अच्छा- रमन



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, सड़कों को लेकर कई विधायकों ने सवाल उठाए हैं और उनकी चिंता वाजिब है। उन्होंने मंत्री विजय शर्मा की तारीफ करते हुए कहा, उन्होंने सभी सवालों का अच्छा जवाब दिया और भविष्य में सभी मुद्दों को समाहित करने की बात भी कही। वहीं नेता प्रतिपक्ष ने भी कहा, इतने विधायक सवाल पूछ चुके हैं कि अब यह राष्ट्रीय स्तर का मुद्दा बन गया है, इसलिए मंत्री को संभलकर जवाब देना चाहिए।

### अन्य विधायकों ने भी उठाए सवाल

विधायक धर्मजीत सिंह ने पूछा कि प्रदेश की जर्जर पीएमजीएसवाई सड़कों का सर्वे कराकर एकमुश्त मरम्मत कराने की योजना बनेगी या नहीं। एक अन्य विधायक ने पूछा कि प्रदेश में कितनी सड़कें मरम्मत योग्य हैं और उनकी जांच कराई जाएगी या नहीं। भावना बोहरा समेत 7-8 अन्य विधायकों ने भी पीएम ग्राम सड़क योजना से जुड़े सवाल उठाए।

### एआई तकनीक से होगी सड़कों की जांच

विजय शर्मा ने बताया कि विभाग ने सड़कों की जांच के लिए एक एआई आधारित तकनीक तैयार कराई है। उन्होंने कहा, बाइक या पैदल चलते हुए सड़क का वीडियो बनाया जाएगा और एआई यह बताएगा कि सड़क में कितनी दरारें हैं और कितने बड़े गड्ढे हैं। हालांकि उन्होंने यह भी कहा, फिलहाल सड़क मरम्मत के लिए केवल 350 करोड़ रुपये का बजट उपलब्ध है। कुछ विधायकों की सड़कों के मामलों को तुरंत दिखवाने का भी आश्वासन दिया।



# परिवहन निगम के दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति के लिए बनेगी नई नीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने लंबे समय से लंबित छत्तीसगढ़ राज्य परिवहन निगम के दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति देने के मामले में बड़ा कदम उठाया है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में राज्य सरकार ने नई अनुकंपा नियुक्ति नीति तैयार करने के लिए आठ सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। समिति को एक माह के भीतर अपना प्रतिवेदन और सुझाव देने के निर्देश दिए गए हैं।

सामान्य प्रशासन विभाग (नियम शाखा) द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह समिति रिट याचिका अर्पणा द्विवेदी बनाम छत्तीसगढ़ शासन एवं अन्य में हाईकोर्ट द्वारा 3 दिसंबर 2025 को दिए गए निर्देशों के पालन में गठित की गई है। आदेश में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ अधोसंरचना विकास निगम के नियंत्रणाधीन विघटित परिवहन निगम के दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति देने के लिए नई नीति बनाई जाएगी।

### जोगी सरकार में हुआ था परिवहन निगम का विघटन

छत्तीसगढ़ राज्य परिवहन निगम का गठन राज्य निर्माण के बाद सार्वजनिक बस परिवहन के संचालन के लिए किया गया था। लेकिन लगातार बढ़ते घाटे और वित्तीय बोझ को देखते हुए तत्कालीन अजीत जोगी सरकार ने निगम को भंग करने का निर्णय लिया। निगम के नियमित कर्मचारियों का समायोजन बाद में छत्तीसगढ़ अधोसंरचना विकास निगम में किया गया। इसके बाद वर्षों तक सेवा शर्तों, पेंशन, समायोजन और विशेष रूप से अनुकंपा नियुक्ति से जुड़े अनेक विवाद न्यायालयों तक पहुंचे।

### हाईकोर्ट के आदेश पर सरकार ने बनाई उच्चस्तरीय समिति



#### समिति में कौन-कौन

सरकार द्वारा गठित समिति की अध्यक्षता सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव करेंगे। इसके अलावा जल संसाधन, नगरीय प्रशासन एवं विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्कूल शिक्षा, वित्त और विधि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सदस्य बनाए गए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग के उप सचिव समिति के सदस्य सचिव होंगे। समिति को एक माह के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

#### क्या है ये विवाद

*विघटन के बाद जिन कर्मचारियों का समायोजन अधोसंरचना विकास निगम में किया गया, उनमें से कई कर्मचारियों की सेवा के दौरान मृत्यु हो गई। उनके आश्रितों ने दावा किया कि उन्हें भी सामान्य शासकीय कर्मचारियों की तरह अनुकंपा नियुक्ति का अधिकार मिलना चाहिए। दूसरी ओर, सरकार का पक्ष रहा कि विघटित निगम और उसके समायोजित कर्मचारियों की सेवा शर्तें अलग होने के कारण इस संबंध में स्पष्ट नीति उपलब्ध नहीं है। इसी मुद्दे को लेकर कई याचिकाएं हाईकोर्ट में दायर हुईं। अर्पणा द्विवेदी की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को इस वर्ग के कर्मचारियों के आश्रितों के लिए स्पष्ट नीति बनाने पर विचार करने का निर्देश दिया था।*

### हजारों परिवारों की नजर सरकार के फैसले पर

*परिवहन निगम के विघटन के बाद से जुड़े मामलों में यह पहला अवसर है जब राज्य सरकार ने न्यायालय के निर्देश के बाद अलग से नीति बनाने की औपचारिक प्रक्रिया शुरू की है। यदि समिति की अनुशंसाओं के आधार पर नई नीति लागू होती है, तो वर्षों से अनुकंपा नियुक्ति की मांग कर रहे दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को राहत मिलने की संभावना बनेगी। साथ ही लंबे समय से लंबित न्यायालयीन विवादों के समाधान का रास्ता भी साफ हो सकता है।*

## खबर संक्षेप

### नियमितीकरण, संविलियन की मांग, विद्या मितान आज देंगे धरना

**रायपुर।** प्रदेश के शासकीय स्कूलों में वर्षों से सेवाएं दे रहे विद्या मितान अपनी लंबित मांगों को लेकर एक बार फिर सड़क पर उतरेंगे। 16 जुलाई को प्रदेशभर के करीब 1,000 से अधिक विद्या मितान नियमितीकरण और संविलन की मांग को लेकर धरना देंगे। तूता स्थित धरना स्थल पर विरोध प्रदर्शन के बाद वे वहां से विधानसभा घेराव के लिए कूच करेंगे। राज्य अतिथि शिक्षक संघ के प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष राज यादव ने बताया कि लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे विद्या मितान अब आर-पार के मूड में हैं। उन्होंने कहा, हम वर्षों से बेहद कम मानदेय पर पूरी निष्ठा के साथ प्रदेश के बच्चों का भविष्य संवार रहे हैं। लेकिन आज हमारा खुद का भविष्य अंधकार में है। राज्य सरकार को हमारी सुध लेनी होगी।

### उप नेता प्रतिपक्ष प्रमोद से मिले सीए रवि ग्वालानी



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस के मीडिया पैनलिस्ट सीए रवि ग्वालानी ने नई दिल्ली में स्थित आवास या कार्यालय में राज्यसभा के उप नेता प्रतिपक्ष प्रमोद तिवारी से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ नेता का कुशलक्षेम जाना और विभिन्न समसामयिक विषयों पर सार्थक चर्चा की। ज्ञात हो कि प्रमोद तिवारी की अचानक तबीयत खराब होने के बाद उन्हें नई दिल्ली स्थित एक अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है और वे वर्तमान में अपने आवास पर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। रवि ग्वालानी ने बताया कि प्रमोद तिवारी के अस्वस्थ होने की खबर से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में चिंता का माहौल बन गया था। उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना के लिए उन्होंने महाराष्ट्र के त्र्यंबकेश्वर महादेव मंदिर (नासिक) में विशेष पूजा-अर्चना भी की थी। मुलाकात के दौरान रवि ग्वालानी ने छत्तीसगढ़ के नकटी गांव के विस्थापितों के उचित पुनर्वास का मुद्दा भी चर्चा हुई।

### प्री बीएससी नर्सिंग के परिणाम घोषित

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के परिणाम बुधवार को घोषित कर दिए गए। व्यापम ने यह प्रवेश परीक्षा 11 जून को आयोजित की थी। नतीजे आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।

### बेकरी में गंदगी, जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम जोन 10 के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बुधवार को जन शिकायत पर कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड के बोरियाखुर्द में स्थित नाइस बेकरी पर 5 हजार जुर्माना किया। निगम की टीम को बेकरी दुकान की स्वच्छता व्यवस्था का औचक निरीक्षण करने के दौरान गंदगी फैलाने और स्वच्छता मानकों का उल्लंघन करना पाया गया। जन शिकायत सही मिलने पर जोन 10 के जोन स्वास्थ्य अधिकारी अमित बेहरा और स्वच्छता निरीक्षक यशवंत बेरिहा ने बेकरी संचालक को दोबारा ऐसी गलती न करने की चेतावनी देते हुए 5 हजार ई जुर्माना किया गया।

### कोलावेरी कैफे पर कचरा फैलाने के लिए जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम जोन 2 के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने देवेंद्रनगर में कोलावेरी कैफे पर बाहर कचरा फैलाने की शिकायत सही पाए जाने पर जुर्माना किया। जोन कमिश्नर संतोष पांडे के मार्गदर्शन में देवेंद्र नगर बाजार क्षेत्र स्थित इस कैफे सेंटर की सफाई व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, स्थल पर शिकायत सही मिलने पर संबंधित संस्थान पर 5 हजार रुपए का ई चालान कर जन शिकायत का निराकरण किया गया।

## मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार अभनपुर को सौंपा ज्ञापन

# शिक्षकों का फूटा गुस्सा, वेतन विसंगति क्रमोन्नति, 7 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन के आव्हान पर प्रदेशभर के सहायक शिक्षकों ने मोदी की गारंटी लागू करने, वेतन विसंगति दूर करने, क्रमोन्नति सहित सात सूत्रीय मांगों को लेकर नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर जमकर प्रदर्शन किया।

इस आंदोलन में हजारों की संख्या में शिक्षक अपने हक की आवाज बुलंद करने पहुंचे। धरना प्रदर्शन में शामिल होने आ रहे दूर दराज के सहायक शिक्षकों को पुलिस ने बीच रास्ते में रोक दिया। कुंआकोंडा, कांकेर से बस में आ रहे शिक्षकों को कुरुद से वापस भेज दिया। इस कारण कई शिक्षक आंदोलन में शामिल नहीं हो पाए। धरना स्थल पर खासी गहमागहमी इस दौरान देखने को मिली। फेडरेशन को जिला प्रशासन ने धरना स्थल से विधानसभा घेराव के लिए रैली निकालने की अनुमति नहीं दी। इसीलिए विरोध प्रदर्शन के बाद आंदोलनकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार अभनपुर को अपनी मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा। मांगें पूरी नहीं होने पर आने वाले दिनों में उग्र प्रदर्शन की चेतावनी दी गई।



### घंटों किया प्रदर्शन

प्रदेशभर के डेढ़ लाख सहायक शिक्षकों ने मोदी की गारंटी लागू करने टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने, वेतन विसंगति, क्रमोन्नति सहित अन्य मांगों को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को प्रांतीय अध्यक्ष रविंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में सहायक शिक्षकों ने तूता के धरना स्थल पर अपनी मांगों को लेकर घंटों प्रदर्शन किया। सड़क पर उतरे शिक्षकों की नाराजगी इस बात को लेकर रही कि मोदी की गारंटी के वादे को सरकार ने अब तक पूरा नहीं किया है। प्रांतीय अध्यक्ष रविंद्र कुमार यादव ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा किय आंदोलन शौक नहीं बल्कि शासन-प्रशासन की उदासीनता के कारण उत्पन्न हुई विवशता का परिणाम है। राज्य सरकार को शिक्षकों के संवेदनशील मांगों पर विचार करते हुए अविलंब निर्णय लेना चाहिए। फेडरेशन के पदाधिकारियों ने कहा है कि उनकी सभी मांगें प्रदेश के विद्यालयी शिक्षा व्यवस्था और हजारों शिक्षकों के भविष्य से जुड़ी हुई है, इसलिए इस पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाए, अन्यथा शिक्षक समुदाय आंदोलन को तेज करने बाध्य होगा।

### ये रहे शामिल

धरना प्रदर्शन में फेडरेशन के प्रांतीय पदाधिकारी मनीष मिश्रा, रविंद्र राठौर राजू टंडन,देवेंद्र हरमुख, शेषनाथ पांडे, बसंत कौशिक, कौशल अवस्थी, अश्वनी कुर्रे, सुरजीत सिंह चौहान, सिराज बक्श, तरुण वैष्णव, गोकुल जायसवाल, आदित्य गौरव साहू, टिकेश्वर भोई, मनीष डडसेना, उमा पांडेय, नेमी सिंहा, विपिन यादव, पंकज लहरे, दिनेश नायक, चंद्रप्रकाश तिवारी, रामनरेश अजगले, कोमल साहू, सीडी भट्ट, रणजीत बेनर्जी, आलोक त्रिवेदी राजाराम पटेल सहित बड़ी संख्या में दूर दराज से आए शिक्षक शामिल हुए।

### प्रमुख मांग इस तरह

- *मोदी की गारंटी के वादे अनुरूप सहायक शिक्षकों की लंबे समय से लंबित वेतन विसंगति को तत्काल दूर कर क्रमोन्नति का लाभ देने की मांग।*
- *सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का शत-प्रतिशत पालन करते हुए पदोन्नति में वरिष्ठता का पूर्णतः ध्यान रखा जाए, टीईटी की समय सीमा 30 अगस्त 2028 तक सुनिश्चित की जाए।*
- *वर्तमान में कार्यरत शिक्षकों की सेवा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शिक्षा विभाग द्वारा अविलंब विभागीय परीक्षा आयोजित करने की मांग।*
- *शिक्षकों की कुल सेवा अवधि की गणना शिक्षा कर्मी या प्रथम नियुक्ति तिथि से करते हुए करते हुए उनकी पुरानी सेवा के समस्त लाभ प्रदान किए जाएं।*
- *एकल शिक्षकीय शालाओं में तुरंत अतिरिक्त शिक्षकों की व्यवस्था की जाए।*
- *विद्या समीक्षा केंद्र ऐप में आ रही तकनीकि व नेटवर्क कमियों को पूरी तरह ठीक किया जाए, जब तक यह पूरी तरह ठीक नहीं हो जाता तब तक इसके कारण किसी भी शिक्षक का वेतन न रोका जाए।*
- *युक्तिकरण नीति के तहत मर्ज किए गए प्राथमिक शाला के प्रधानपाठकों को शाला प्रबंधन समिति में कोषाध्यक्ष का प्रभार सौंपने की मांग।*

# मानसून सक्रिय होने से पहले हटा बोर खनन पर लगा प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला प्रशासन के आदेश के तहत गर्मी के सीजन में भू-जल का स्तर नीचे जाने के कारण बोर खनन पर लगे प्रतिबंध का 15 जुलाई को अंतिम दिन था। 16 जुलाई से बोर खनन पर लगा प्रतिबंध हट जाएगा।

इसी के साथ आम लोगों को भी बोर खनन कराने के लिए प्रशासन से अनुमति नहीं लेनी पड़ेगी। इधर एक ओर जहां बोर खनन पर लगा प्रतिबंध हट गया, वहीं दूसरी ओर मानसून अब तक रायपुर जिले में सक्रिय नहीं हो पाया है। इसके कारण जिले के कई क्षेत्रों में अभी भी भू-जल का स्तर सामान्य नहीं हो पाया है। ऐसे में इन क्षेत्रों में नए बोर खनन कराए जाते हैं, तो पानी की समस्या और ज्यादा गंभीर हो सकती है।



### शहरी क्षेत्र में भी पानी की समस्या

*इस सीजन में शहर में अभी तक सिर्फ दो दिन ही अच्छी बारिश हुई है। इसके कारण अभी भी कई वार्डों के इलाकों में भू-जल का स्तर सामान्य नहीं हो पाया है। ऐसे में अगर इन इलाकों में नए बोरवेल खनन किए जाते हैं, तो इसका असर पुराने दूसरे बोरवेल पर पड़ सकता है तथा जल स्तर नीचे जाने से कम पानी निकलना या सूख भी सकता है।*

### प्रतिबंध हट गया

गर्मी के सीजन में भू-जल का स्तर नीचे चले जाने के कारण 15 जुलाई तक या मानसून के सक्रिय होने तक बोरखनन पर प्रतिबंधित था। यह प्रतिबंध अब हट गया है।
**- उमाशंकर बंदे,** एडीएम रायपुर

### किसानों की बढ़ी चिंता

जिले में अब तक हुई वर्षा के बाद अब किसानों की चिंता भी बढ़ी हुई है। बारिश नहीं होने से अभी तक कई किसानों के खेतों में बोवाई का कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है, वहीं कई किसान नहर एवं बोरवेल के पानी के भरोसे ही हैं। हालांकि कई गांव में गर्मी के दिनों में कई बोरवेल सूख चुके हैं। इनमें ज्यादातर अभनपुर एवं तिल्दा विकासखंड क्षेत्र के गांव हैं। बोरवेल सूखने के कारण कई गांव में नए बोरवेल खनन की मांग भी की जा रही है, लेकिन गर्मी में भू-जल का स्तर जो नीचे गया है, वह जुलाई का एक पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी मानसून के सक्रिय नहीं के कारण सामान्य नहीं हो पाया है। ऐसे में अगर नए बोरवेल इन गांव में होते हैं, तो पानी की समस्या और ज्यादा बढ़ सकती है।

# पीएससी छात्र को चाकू मारने के बाद बोला मैं... कई बार जेल जा चुका हूं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पीएससी की तैयारी कर रहे एक छात्र को हिस्ट्रीशीटर ने चाकू मारकर उससे मोबाइल लूट लिया। छात्र को चाकू मारने के बाद उसने धमकी देते हुए कहा कि तुम मेरे खिलाफ रिपोर्ट कर भी दोगे तो मेरा कुछ नहीं होगा, मैं कई बार जेल जा चुका हूं, 15 दिन में जेल से छूट जाऊंगा। घटना सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के बूढ़ी माई मंदिर के पास मंगलवार देर रात की है।

अमलीडीह पुलिस कालोनी निवासी सूरज सिंह धुर्वे जो अपने दीदी-जीजा के यहां रहकर पीएससी की तैयारी कर रहा है, उस छात्र के साथ राजेंद्र नगर थाना के हिस्ट्रीशीटर विशाल नेताम ने लूट की है। छात्र ने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक की रात 11.40 बजे वो अपनी स्कूटी से पढ़ाई करने मोतीबाग स्थित तक्षशिला जा रहा था। इस दौरान वो बूढ़ी माता मंदिर चौक के पास पहुंचा, तभी एक युवक ने उसकी स्कूटी के सामने आकर रास्ता रोक लिया। शिकायत के मुताबिक आरोपी ने पहले गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद चाकू दिखाकर मोबाइल फोन मांगा। सूरज ने मोबाइल देने से इनकार किया, तो आरोपी ने उनके बाएं पैर की जांघ के पीछे चाकू मार दिया। घायल होने पर आरोपी उसका मोबाइल छीनकर भाग निकला।



**देर रात पढ़ाई करने जा रहे छात्र को चाकू मार कर बदमाश ने मोबाइल लूटा**

**घटना सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के बूढ़ीमाता मंदिर के पास की**

### चाकू मारने के बाद भागते हुए दी धमकी

छात्र का आरोप है कि भागते समय आरोपी ने अपना नाम विशाल नेताम बताते हुए कहा कि वह राजेंद्र नगर का रहने वाला है, कई बार जेल जा चुका है और कोई उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। आरोपी को पकड़ने पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फूटेज खंगाल रही है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

# नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षद दल ने निगम आयुक्त से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी के नेतृत्व में बुधवार को कांग्रेस पार्षद दल ने महात्मा गांधी सदन में निगम आयुक्त संबित मिश्रा से उनके कक्ष में मुलाकात की। इस मौके पर आकाश तिवारी ने निगम आयुक्त से कहा कि जनहित में जो भी काम हैं, उसमें हम आपके साथ हैं और इसके लिए सहयोग करने तैयार हैं। श्री तिवारी ने अपनी और अपने दल के पार्षदों के वार्डों के विकास की मांग को आयुक्त के समक्ष बेबाकी के साथ रखा। साथ ही शहर में अवैध नल कनेक्शनों के नियमितीकरण की प्रक्रिया को सरल करने, नगर निगम के संपत्ति कर अधिभार में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने का आग्रह किया। निगम आयुक्त ने सहज ही इसे स्वीकार किया।

कांग्रेस पार्षदों ने निगम कमिश्नर से कहा है, जनहित से जुड़े जिन कामों को लेकर आप आगे बढ़ रहे हैं, उनमें हम आपके साथ हैं। नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने नगर निगम द्वारा अवैध नलों को नियमित करने में लोगों के मन में भय व्याप्त न हो, इसके लिए प्रक्रिया को सरल बनाए जाने का आग्रह किया। इसी तरह संपत्ति कर के अधिभार में विसंगति के कारण करदाता द्वारा संपत्ति कर का भुगतान में हिचक का जिक्र करते हुए कहा कि यदि अधिभार में वन टाइम सेंटलमेंट का सिस्टम लाया जाए, तो इसके बेहतर परिणम मिलेंगे, लोग आगे आकर अपने बकाया संपत्ति कर का भुगतान कर सकेंगे। इससे नगर निगम के राजस्व में बढ़ोतरी भी होगी।

### पार्षदों ने अपने वार्डों की मांगों को प्रमुखता से आयुक्त संबित मिश्रा के समक्ष रखा



**वीर सावरकर नगर वार्ड पार्षद संदीप साहू** ने अपने वार्ड की मांगों को इस मौके पर निगम आयुक्त के समक्ष रखा। संदीप साहू ने कहा कि उनके वार्ड में नया बस डिपो बनने जा रहा है, वहां किसानों के आने-जाने के रास्ते को रोक दिया गया है, उसे खुलवाया जाए। वार्ड में अवैध रूप से 7 एकड़ में अवैध प्लाटिंग हो रही है, उसे रोका जाए। लाल बहादुर शास्त्री वार्ड पार्षद रेणु-जयंत साहू ने कहा वार्ड में अवैध निर्माण और अवैध पार्किंग की समस्या बहुत बढ़ गई है। स्ट्रीट लाइट की बहुत कमी है, हाई स्कूल में जलभराव से दिक्कत हो रही है, इन समस्याओं का निराकरण कराया जाए।

**हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड पार्षद शेख मुशीर** ने कहा, उनके वार्ड के शहीद स्मारक स्कूल के कक्ष में पानी भर जाता है, इसका निराकरण किया जावे। सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड पार्षद दीप-मनीराम साहू ने अपने वार्ड में गुलमोहर पार्क के पास स्थित प्रधानमंत्री आवासीय परिसर में सीवरेज का गंदा पानी बाहर आने की समस्या से निगम आयुक्त संबित मिश्रा को अवगत कराया।

**महामाया मंदिर वार्ड पार्षद** और उपनेता प्रतिपक्ष जयश्री-सत्यनारायण नायक ने मलसाय तालाब से शिवाजी नगर होते हुए परशुरामनगर के आसपास तथा प्रोफेसर कालोनी व मारुति नगर में पानी के पाइप लाइन बिछाने की जरूरत बताई।

कांग्रेस पार्षद दल दल की बातों को निगम आयुक्त ने सहज स्वीकार किया और वार्डों के विकास करवाने का आश्वासन दिया। आयुक्त से मुलाकात करने वालों में रायपुर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी, संदीप साहू, दीप-मनीराम साहू, रेणु-जयंत साहू, शेख मुशीर, जयश्री नायक सहित पार्षद प्रतिनिधि शामिल रहे।

# वीआईपी गैंग, महापौर गैंग, जोन गैंग का ठेका खत्म, विधान सभावार होगा सफाई के लिए टेंडर, निगम ने शुरू की प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर शहर की सफाई व्यवस्था में जल्द बड़ा बदलाव होगा। नगर निगम के दस जोन स्थित 70 वार्डों में अलग-अलग सफाई टेंडर की व्यवस्था अब खत्म होगी। इसकी जगह पूरे शहर के चार बड़े केंद्रीयकृत टेंडर जारी होंगे। नगर निगम मुख्यालय में इसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है। निगम प्रशासन का दावा है कि विधानसभा वार वार्डों के सफाई ठेका का सिस्टम अमल में लाने से सफाई व्यवस्था की निगरानी आसान होगी, भुगतान में एकरूपता आएगी इसके साथ ही संसाधनों का बेहतर उपयोग होगा।

रायपुर शहर में अब सफाई के लिए वीआईपी गैंग, महापौर गैंग, जोन गैंग का ठेका समाप्त होगा, इसके स्थान पर विधानसभा वार वार्डो का सफाई ठेका होगा। विधानसभा वार वार्डो के इस नए ठेके में सड़क, नाली के साथ तालाब किनारे तथा बगीचे और व्यावसायिक क्षेत्रों की सफाई को शामिल किया जाएगा। ये टेंडर रायपुर शहर के चार विधानसभा क्षेत्रों के आधार पर होंगे। शहर की नई सफाई व्यवस्था में बीट का सिस्टम लागू होगा। इसमें अलग-अलग क्षेत्र के सफाई की जिम्मेदारी संबंधित ठेका एजेंसी की होगी। यदि किसी बीट में कचरा, गंदगी या नालियों की सफाई में लापरवाही मिली, तो एजेंसी पर आर्थिक जुर्माना लगाया जाएगा। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अपर आयुक्त विनोद पांडेय ने हरिभूमि को बताया कि नई व्यवस्था में सफाई कर्मचारियों की संख्या की जगह वर्क परफार्मेंस महत्वपूर्ण होगा । इसी आधार पर ठेका एजेंसी को सफाई कार्य का भुगतान होगा। नगर निगम की जितनी भी सेवाएं हैं उनसे जुड़े टेंडर जेम पोर्टल के माध्यम से किए जाएंगे।

### सफाई व्यवस्था प्रभावित

वर्तमान में शहर के 70 वार्डों में सफाई के लिए जोन से टेंडर कर अलग-अलग सफाई ठेका दिया गया है, जिसमें अलग-अलग दरें, भुगतान की प्रक्रिया और मेनपॉवर की कमी तथा ठेकेदारों से संबंधित विवाद के चलते शहर की सफाई व्यवस्था आए दिन प्रभावित होते रहती है। इसलिए राज्य शासन की मंशा अनुरूप शहर की सफाई व्यवस्था को मजबूत बनाने निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने केंद्रीय सफाई ठेके का फार्मूला लाने तैयारी की है।

- **पूरे शहर के लिए सेंट्रलाइज्ड टेंडर, 70 वार्डों में सफाई के लिए अलग-अलग टेंडर की व्यवस्था खत्म**
- **नई व्यवस्था में लागू होगा बीट सिस्टम**



### सेंट्रलाइज्ड ठेका की प्रमुख बातें

- शहर के व्यवसायिक एरिया की सफाई दिन में दो बार और आवासीय एरिया की सफाई दिन में एक बार होगी।
- सफाई व्यवस्था में बीट सिस्टम लागू होगा।
- बीट में जीआईएस मार्किंग से सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति, काम शुरू करने से पहले और काम होने के बाद की तस्वीरों को प्रमाणित किया जाएगा।
- मैनुवल के साथ ही मेकेनाइज्ड सफाई पर विशेष जोर।
- जीआईएस मार्किंग के बाद नगरनिगम के जेडएचओ और निरीक्षक इसका सत्यापन करेंगे।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 16 जुलाई 2026

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937


02



नयन दर्शन, भजन-कीर्तन से बना ...

## लाइव इवेंट

## शोधार्थी संख्या सिद्धांत एवं क्रिप्टोग्राफी के आधुनिक आयामों से हो रहें परिचित




**रायपुर।** एनआईटी में नंबर थ्योरी एंड क्रिप्टोग्राफी विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया है। यह पांच दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला संस्थान के कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग तथा गणित विभाग द्वारा आयोजित किया गया है। कार्यशाला एनआईटी रायपुर के निदेशक प्रो. समीर बाजपेयी के मुख्य आतिथ्य में आरंभ हुआ। कार्यशाला शैक्षणिक संवाद, ज्ञान के आदान-प्रदान तथा अंतर्विषयक शिक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए एक उत्कृष्ट मंच बना है। साथ ही, यह प्रतिभागियों को संख्या सिद्धांत एवं क्रिप्टोग्राफी के आधुनिक आयामों से परिचित कराने तथा शोध एवं अकादमिक सहयोग को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है। पांच दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम का समापन 17 जुलाई को किया जाएगा। इस अवसर पर एनआईटी सूरतकल के डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह तथा एनआईटी रायपुर के कुलसचिव प्रो. नरेंद्र डी. लोंढे विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में प्रो. सुभोजीत घोष प्रोफेसर एवं अध्यक्ष सतत शिक्षा प्रकोष्ठ एनआईटी, प्रो. प्रदीप सिंह प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग एनआईटी तथा डॉ. सुजीत कुमार सामंत विभागाध्यक्ष गणित विभाग एनआईटी उपस्थित थे।

### उभरते हुए शोध क्षेत्रों पर विशेषज्ञों के व्याख्यान

पांच दिवसीय इस कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को देश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के प्रख्यात शिक्षाविदों एवं शोधकर्ताओं द्वारा विशेषज्ञ व्याख्यानों और संवादात्मक सत्रों में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो रहा है। इन सत्रों में संख्या सिद्धांत की उन्नत अवधारणाएं, क्रिप्टोग्राफिक प्रोटोकॉल, एल्गोरिदम का विकास, डेटा सुरक्षा, ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी तथा इस क्षेत्र में उभरती हुई शोध दिशाओं सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की जा रही है।

## राजधानी के शैक्षणिक संस्थानों और पं. रविवि यूनिवर्सिटी में विश्व कौशल दिवस पर किया गया मंथन

# एआई टूल्स से मिलेगी स्टार्टअप को नई उड़ान, वक्त की नजाकत को समझें और सदुपयोग करके समय बचाएं

'समय की नजाकत को देखते हुए, कौशल विकास को और बेहतर बनाने में एआई टूल्स का उपयोग किया जा सकता है। स्टार्टअप आधुनिक तकनीक का उपयोग करके नई उड़ान भर सकते हैं। बुधवार को विश्व कौशल दिवस के अवसर पर शहर के विवेकानंद विद्यापीठ और पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्षों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में, वक्ताओं ने विद्यार्थियों के साथ-साथ प्रोफेसरों और शिक्षकों को भी शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि सहित विविध क्षेत्रों में एआई टूल्स का सदुपयोग करने पर जोर दिया। इस दौरान नई तकनीक के फायदों और समय बचाने की जानकारी भी साझा की गई।'



**रायपुर।** तकनीकी क्षेत्र में तेजी से आ रहे बदलावों ने एआई के रूप में नई क्रांति का सृजन किया है। विवेकानन्द विद्यापीठ के सभागृह में एआई टूल्स पर आयोजित कार्यशाला में यह बात कही गई। इंटरनेशनल स्किल डेवलपमेंट दिवस के अवसर पर बुधवार को आयोजित इस कार्यशाला में मोटिवेशनल स्पीकर नरेन्द्र देवांगन ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। एआई टूल्स चेटजीपीटी, केनवा, गूगल जेमिनी, इलेवन्थ लेब, सूनो एआई, जेमिनी एआई, गूगल बिजनेस, बिजनेस प्रोफाइल और व्हाटसअप बिजनेस जैसे आधुनिक टूल्स के दैनिक जीवन में उपयोग, दैनिक क्रियाकलापों में उसका प्रभाव कितना सार्थक है। इसके बारे में विशेषज्ञ ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षा और व्यवसाय में उसकी उपयोगिता कारगर है।



### टूल्स का उपयोग करके बचा सकते हैं समय

उन्होंने बताया कि किस तरह से हम इन टूल्स का उपयोग करके अपने समय की बचत कर सकते हैं। कार्यक्रम का आयोजन विवेकानन्द इंस्टिट्यूट ऑफ ह्यूमन एक्सीलेंस के प्राचार्य डॉ. बिजी नायर के प्रयास और अतुल सिंह, निदेशक जन शिक्षण संस्थान के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था सचिव डॉ. ओमप्रकाश वर्मा द्वारा प्रारंभिक व्यक्तव्य प्रस्तुत किया गया। स्वामी सर्वप्रदानन्द के द्वारा छात्रों के उज्जवल भविष्य के प्रति शुभेच्छा दिया गया। कार्यक्रम में आदर्श विद्यालय टाटीबंध, आदर्श विद्यालय मोवा, महावीर विद्यालय गुढ़यिारी, न्यूटेक विद्यालय, गुढियारी और विवेकानन्द विद्यापीठ कोटा के लगभग 400 छात्र विभिन्न कॉलेजों के प्राध्यापक और शिक्षक शामिल हुए।

## यूजिंग एआई फॉर फण्डरेसिंग एंड इन्वेस्टर पिच प्रिपरेशन पर संवाद



पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल द्वारा 'यूजिंग एआई फॉर फण्डरेसिंग एंड इन्वेस्टर पिच प्रिपरेशन' और 'एक्सप्लोरिंग एन्त्रेप्रेंयूर्शिप इन शिपिंग इंडस्ट्रीज' का आयोजन कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल के मार्गदर्शन में बुधवार को यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी विभाग में किया गया। यह आयोजन इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल, यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी अध्ययन शाला, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड फोटोनिक्स अध्ययन शाला एवं अक्षय ऊर्जा विभाग एवं सेक्शन 8, एनआईटी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इसकी शुरुआत मां सरस्वती के आशीर्वाद के साथ दीप प्रज्वलित करके किया गया। इसके बाद कुलगीत गायन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. रविन्द्र दुबे, मैनेजिंग डायरेक्टर, फिबोनाच्ची लर्निंग प्राइवेट लिमिटेड एवं कैप्टन मयंक मिश्रा, मैनेजिंग डायरेक्टर- कावमा शिप मैनेजमेंट लिमिटेड एंड डायरेक्टर सीनों कॉसमॉस शिप मैनेजमेंट लिमिटेड, होन्गकोंग शामिल हुए।

### असंतुलन की स्थिति में अनुसंधान प्रभावित

प्रो. मंजू सिंह, कार्यक्रम समन्वयक, निर्देशक इंस्टीट्यूट ऑफ़ फार्मेसी, प्रो. कविता ठाकुर, अध्यक्ष, इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल एवं विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फोटोनिक्स अध्ययनशाला की उपस्थिति ने प्रभावशाली बनाया। इसमें एनआईटी के प्रोफ अनुज शुक्ला, एस.जे. डहरवल, प्रो. दीपेन्द्र सिंह, प्रो. अम्बर व्यास, प्रो. धर्मेन्द्र गंगेश्वर, प्रो. विशाल जैन, प्रो. राजेंद्र जांगड़े सहित कई अध्ययनशाला के 50 विद्यार्थी शामिल हुए। डॉ. रविन्द्र दुबे ने फंडरेज़िंग के संदर्भ में कहा कि निवेश प्राप्त होने के साथ जवाबदेही, समय-सीमा और नियमित रिपोर्टिंग जैसी अपेक्षाएं बढ़ जाती हैं। यदि उद्यमी और निवेशक की सोच एवं लक्ष्य एक-दूसरे के अनुरूप हों तो यह साझेदारी नवाचार को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकती है, जबकि असंतुलन की स्थिति में अनुसंधान प्रभावित हो सकता है।




## सिटी इवेंट

## रंगपरब और पावस प्रसंग के बड़े सांस्कृतिक मंच पर अगस्त से सितंबर तक झूमेंगे सैकड़ों लोक कलाकार



**रायपुर।** प्रदेश के लोक कलाकारों के लिए आगामी अगस्त-सितंबर के महीने खास होंगे। इस दौरान महंत घासीदास संग्रहालय परिसर स्थित मुक्तकाशी मंच पर पावस प्रसंग, रंगतरंग, वाद्ययंत्र संगम, रंगपरब नाट्य श्रृंखला तथा लोकरंग पर्व का बड़ा सांस्कृतिक मंच सजेगा। इस मंच पर सैकड़ों की संख्या में 10 से अधिक लोक विधाओं के कलाकारों को प्रस्तुति का अवसर मिलेगा। छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को नई पहचान देने और लोक एवं शास्त्रीय कलाओं को व्यापक मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा, छत्तीसगढ़ ने वर्ष 2026-27 के वार्षिक सांस्कृतिक आयोजनों के लिए कलाकारों एवं सांस्कृतिक दलों से 15 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए थे। इसके लिए विविध लोक विधाओं के सैकड़ों की तादात में लोक कलाकारों ने आवेदन दिए हैं। संस्कृति विभाग के संबंधित अधिकारियों ने बताया कि अब इन पात्र आवेदनों की फाइनल सूची तैयार की जाएगी। इसके बाद पात्र लोक कलाकारों के दल व संस्थाओं को अगस्त से शुरू होने वाले पावस प्रसंग, रंगतरंग वाद्ययंत्र संगम, रंगपरब नाट्य श्रृंखला तथा लोकरंग पर्व के मंच पर प्रस्तुति का अवसर दिया जाएगा।

### इन लोक विधाओं के कलाकारों ने दिखाई रुचि

छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोककलाओं एवं लोकविधाओं से जुड़े कलाकारों में भरथरी, पंडवानी, ढोलामारू, लोरिकचंदा, नाचा, गम्मत, सुआ, करमा, पंथी, बांसगीत, देवारगीत, ददरिया, जसगीत, संस्कार गायन सहित अन्य पारंपरिक लोकविधाओं में दक्ष कलाकारों ने बड़ी संख्या में आवेदन किए हैं। इन आयोजनों का उद्देश्य प्रदेश की लोक-सांस्कृतिक धरोहर को नई पीढ़ी तक पहुंचाना और कलाकारों को सशक्त मंच उपलब्ध कराना है।



### विलुप्त होती लोक कलाओं को प्राथमिकता

इन प्रतिष्ठित आयोजनों के माध्यम से प्रदेश के प्रतिभाशाली कलाकारों को अपनी कला का प्रदर्शन करने का अवसर देने के अलावा उन विलुप्त होती लोक कलाओं को प्राथमिकता दिया जाएगा, जो लोक परंपराओं-संस्कृति से जुड़े हैं। ऐसे में इन कलाओं व उसके कलाकारों के संरक्षण और संवर्धन को प्रोत्साहन मिलेगा।

# कॉलेजों में 80 फीसदी सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया पूरी, पीजी की सेमेस्टर कक्षाएं हुई प्रारंभ

**रायपुर।** शहर के प्रमुख महाविद्यालयों में पीजी कक्षाओं की लगभग 80 फीसदी सीटें फुल हो चुकी हैं। 15 जुलाई की स्थिति में स्नातक की प्रथम सेमेस्टर कक्षाओं के लिए कॉलेजों में तीन राउंड तक की प्रवेश सूचियां जारी हो चुकी हैं। इस तरह से देखा जाए, तो प्रवेश प्रक्रिया अपने अंतिम चरण पर पहुंच गई है। हालांकि, कॉलेजों में 20 फीसदी शेष सीटों पर पूरक के छात्र-छात्राओं और स्नाकोत्तर कक्षाओं के लिए 15 अगस्त तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी होगी। शहर के ज्यादातर कॉलेजों में पीजी की कक्षाएं भी प्रारंभ हो चुकी हैं। दुर्गा महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोतिभा मुखर्जी ने बताया कि हमारा कॉलेज पं. रविशंकर विश्वविद्यालय से संबद्ध है, जहां विश्वविद्यालय के पोर्टल के माध्यम से स्नातक के लिए बीए, बीकॉम, बीबीए और बीसीए संकायों में प्रवेश की प्रक्रिया की जा रही है। कॉलेज में स्नातक के संचालित चार संकायों- बीए के लिए 250, बीकॉम के लिए 500, बीबीए के लिए 40 और बीसीए के लिए 40 सीटों में से अधिकांश फुल हो चुकी हैं। इसी तरह से दुर्गा महाविद्यालय, गवर्नमेंट जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ कॉलेज, शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय, महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय, डीबी गर्ल्स ऑटोनॉमस महाविद्यालय व डॉ. राधाबाई गवर्नमेंट नवीन कन्या महाविद्यालय में इस सत्र में स्नातक की प्रथम सेमेस्टर कक्षाओं में उपलब्ध कोर्स व एडमिशन की प्रक्रिया अंतिम दौर में पहुंच चुकी है।



**डिग्री गर्ल्स कॉलेज में पीजी की 1035 सीटें**

डिग्री गर्ल्स कॉलेज में बीएससी (मैथ्स) में 115, बॉयोलॉजी में 240, बायो टेक्नोलॉजी में 30, कंप्यूटर साइंस में 50, बीकॉम में 200 और बीए में 400 सीटें उपलब्ध कराई गई हैं। इनमें से 85 फीसदी सीटें मेरिट लिस्ट के कटऑफ के आधार पर भरी जा चुकी हैं।

**साइंस कॉलेज में 884 सीटों पर चार से अधिक चरणों में प्रवेश :** साइंस कॉलेज में बीएससी फर्स्ट ईयर के लिए कुल 954 सीटें हैं, जिनमें सर्वाधिक सीटें बीएससी बायो में 220 और मैथ्स में 230 हैं, जहां कटऑफ 70 फीसदी से ऊपर रहा है। इसके अलावा भूगर्भ शास्त्र (जूलॉजी, बॉटनी) और रक्षा-अध्ययन में 30-30 सीटों पर प्रवेश दिया जा रहा है।

## पशु-पक्षियों की चिकित्सा के लिए शुरू की एम्बुलेंस सेवा



**रायपुर।** राष्ट्र संत गुरुदेव श्री नम्रमुनि महाराज साहेब की प्रेरणा से पशु-पक्षियों की चिकित्सा और सेवा के लिए एक अत्याधुनिक एनिमल एम्बुलेंस की शुरुआत 29 जून को की गई है। मुख्य अतिथि विधायक राजेश मूणत, पुरन्दर मिश्रा, समाजसेवी लोकेश कांवड़िया, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, पार्षद कृतिका जैन की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर एम्बुलेंस को रवाना किया गया। इस सेवा का आगाज इसलिए किया गया है, ताकि पशु-पक्षियों की सेवा को बेहतर किया जा सके। यह जानकारी बुधवार को प्रेस क्लब में वार्ता के दौरान श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन गुजराती संघ के मुकेश ढोलकिया एवं उनके साथियों ने दी। उन्होंने बताया कि यह सेवा अर्हम युवा सेवा ग्रुप के तुषार विपानी, चिराग दोशी के सहयोग से आगे बढ़ेगी। पशु चिकित्सा सेवा के लिए आपातकालीन नंबर 6262090917 जारी किया गया है।

## राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत द्वारा स्व. हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह-26 का आयोजन

# शिक्षक विद्यार्थियों का भविष्य ही नहीं, राष्ट्र के चरित्र संस्कृति और सभ्यता का निर्माण करता है : डॉ.द्विवेदी

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत द्वारा स्व. हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह-26 का आयोजन किया गया। यह समारोह बुधवार को शांति नगर स्थित विमतारा भवन में हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ. हिमांशु द्विवेदी, प्रधान संपादक (हरिभूमि समूह) ने शिरकत की। श्री द्विवेदी ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कहा कि भारत का स्वर्णिम इतिहास इस बात का साक्षी है कि हमारे यहां गुरु का स्थान सर्वोच्च रहा है। प्राचीन काल में राजा भी अपने गुरुओं के सम्मान के लिए हर प्रकार का त्याग करने को तत्पर रहते थे, क्योंकि शिक्षक ही राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करता है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि यह अत्यंत प्रेरणादायक और विचारणीय है कि शिक्षकों के सम्मान के लिए स्वयं शिक्षकों की संस्था आगे आकर राष्ट्रीय स्तर पर ऐसा आयोजन कर रही है। यह केवल सम्मान समारोह नहीं, बल्कि शिक्षा और शिक्षक के गौरव को पुनः स्थापित करने का राष्ट्रीय अभियान है। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों का भविष्य ही नहीं गढ़ता, बल्कि राष्ट्र के चरित्र, संस्कृति और सभ्यता का निर्माण करता है। ऐसे समर्पित शिक्षकों का सम्मान पूरे समाज का सम्मान है। शिक्षा में नवाचार और मूल्यों का समन्वय ही भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का आधार बनेगा।





### 250 उत्कृष्ट शिक्षकों का हुआ सम्मान

समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से चयनित 250 उत्कृष्ट शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान, नवाचार, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्र निर्माण में उत्कृष्ट भूमिका के लिए राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से अलंकृत किया गया। विशिष्ट अतिथि एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका डॉ. प्रज्ञा सिंह ने कहा कि शिक्षक का कार्य केवल पाठ्यक्रम पूरा करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का निर्माण करना है। राष्ट्रीय स्तर पर मिलने वाला यह सम्मान प्रत्येक शिक्षक को और अधिक उत्कृष्ट कार्य करने की प्रेरणा देता है। समारोह में स्वर्गीय हरिवंश मिश्र (भूतपूर्व प्रधानपाठक) को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उनके शिक्षा, अनुशासन एवं समाज सेवा के क्षेत्र में दिए गए अमूल्य योगदान को याद किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए डॉ. पूर्णानंद मिश्रा राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत, संरक्षक मनोज वर्मा, दिजेंद्र कुर्रे, प्रेमचंद साव, डॉ. प्रज्ञा सिंह, रिंकल बग्गा, तरुण कुमार दास, पीतांबर मानिकपुरी, अजय कुमार जायसवाल, जितेन्द्र मिश्रा, रूद्र नारायण तिवारी, वीरेंद्र कुमार कर, रीता पति, शैलेन्द्र नायक, मनोज मुच्छावड़, योगेश सिंह ठाकुर, गायत्री मिश्रा, एमएन वर्मा, आनंद शर्मा सहित राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## धर्म लाइव

# बाबा बर्फानी के भक्तों का स्टेशन पर आत्मीय स्वागत



**रायपुर।** बाबा बर्फानी का दर्शन करके लौटे अमरनाथ यात्रियों का रेलवे स्टेशन पर आत्मीय स्वागत किया गया। दर्शन करके राजधानी लौटने की जानकारी मिलने पर शिवभक्तों का भव्य स्वागत करने के लिए भक्त तैयारी से पहुंचे। जैसे ही तीर्थयात्री स्टेशन पहुंचे, पूरा परिसर बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। बुधवार दोपहर को यह नजारा देखने को मिला। श्री बाबा अमरनाथ सेवा समिति की ओर से शिवभक्तों के स्वागत में कोई कसर नहीं छोड़ी गई। इस दौरान स्वागत का नजारा कुछ ऐसा था, जिसको देखने के लिए ट्रेनों का इंतजार करने वाली यात्री भी साक्षी बने। मंगल तिलक और पुष्प वर्षा करते हुए अगुवाई की गई।

### यात्रा की स्मृति में भक्तों को दिया मोमेंटो

बाबा बर्फानी के दर्शन करके लौटे यात्रियों के स्टेशन पर उतरते ही श्रद्धालुओं का मंगल तिलक और अभिनंदन किया गया। आसमान से फूलों की वर्षा की गई। सेवा समिति की ओर से गंगा प्रसाद यादव, घनश्याम सोलंकी और पंडित आकाश मिश्रा ने सभी यात्रियों को फूल-माला पहनाकर मंगलमय यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं और बधाई दी। साथ ही, इस पावन यात्रा की स्मृति के रूप में उन्हें मोमेंटो और तलवार का प्रतीक भेंट करके सम्मानित किया गया।सेवादारों की गरिमामयी उपस्थिति में इस भव्य स्वागत समारोह को सफल बनाने और बाबा के भक्तों की सेवा के लिए समिति के प्रमुख सदस्य और सेवादार व्यवस्था बनाने मुस्तैद थे।

## सिटी लाइव

# भागवत कथा की सफलता पर 125 स्वयंसेवकों का मोमेंटो से सम्मान



**रायपुर।** बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में 8 से 14 जुलाई तक आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में प्रसिद्ध कथावाचक देवकी नंदन ठाकुर जी महाराज की कथा का भव्य समापन बुधवार को किया गया। सात दिनों के इस आध्यात्मिक आयोजन में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचे। स्थिति यह रही कि स्टेडियम में बैठने के लिए स्थान कम पड़ गया और परिसर श्रद्धालुओं से भरा रहा। सात दिनों तक रायपुर में वृंदावन जैसा आध्यात्मिक एवं भक्तिमय वातावरण बना। श्रद्धालुओं ने धार्मिक भावनाओं के साथ कथा का रसास्वादन किया। इस सफलता की सूत्रधार रही संस्थाओं और उससे जुड़े 125 स्वयंसेवकों का सम्मान करते हुए यह बात संयोजक योगेश अग्रवाल ने कही। सम्मान समारोह में राजेश अग्रवाल, दीपक गुप्ता, नवीन लोढ़ा, राजकुमार राठी, सुभाष साहू और प्रकाश माहेश्वरी मंचस्थ रहे।

### सभी विभागों के व्यवस्था प्रभारी की सराहना

समारोह में स्वयंसेवकों और कार्यकर्ताओं के समर्पण, सेवा और अनुशासन की मुक्त कंठ से सराहना की गई। संयोजक योगेश अग्रवाल ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से यह आयोजन ऐतिहासिक रूप से सफल हुआ। कहीं कोई कमी या चूक रह गई होगी तो आगामी कथा आयोजन में उसमें सुधार का प्रयास किया जाएगा। समारोह में भोजन विभाग, साउंड विभाग, मंच व्यवस्था, बाहरी सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, शौचालय व्यवस्था, श्रद्धालुओं की बैठक व्यवस्था, आमंत्रण पत्र वितरण, प्रकाश व्यवस्था सहित विभिन्न विभागों में सेवा देने वाले सभी स्वयंसेवकों एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रदर्शन किया गया।

### सनातन बोर्ड का गठन करने पर दिया जोर

*कथावाचक देवकी नंदन ठाकुर जी महाराज ने विशेष रूप से युवाओं को भारतीय संस्कृति, संस्कार एवं धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। समाज में नैतिक मूल्यों को अपनाने, सनातन संस्कृति के संरक्षण और राष्ट्रहित में काम करने का संदेश दिया। महाराज ने सनातन बोर्ड का गठन करने पर जोर दिया। समारोह की अंतिम कड़ी में महाराज के इस बात पर चर्चा की गई। उनके द्वारा दी गई सलाह पर सेवा को और बेहतर करने का अवसर मिलेगा।*

## राजधानी के प्रमुख श्री जगन्नाथ मंदिरों में आज दिनभर महोत्सव, दोपहर बाद कई जगह से निकलेगी भव्य रथयात्रा

# नयन दर्शन, भजन-कीर्तन से बना भक्तिमय माहौल रथयात्रा में लगेगा 40 क्विंटल गजा-मूंग का भोग

शहर के श्री जगन्नाथ मंदिरों में बुधवार को प्रभु जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा का नयन दर्शन उत्सव विधि-विधान से संपन्न हुआ। भजन-कीर्तन का सिलसिला शाम को शुरू हुआ। । महिला टोलियों ने भगवान की आस्था से सजे भजनों की प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भक्तिमय माहौल दिया। वहीं, गुरुवार को अलग-अलग क्षेत्र से निकलने वाली रथयात्रा के बीच दर्शनार्थियों को 40 क्विंटल गजा-मूंग की भोग प्रसादी वितरित करने की तैयारी है। गायत्री नगर में मुख्य आयोजन की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया।



### गीत-संगीत के बीच दर्शन, मनेगा उत्सव

सदर बाजार स्थित जगन्नाथ मंदिर के प्रमुख मोहित पुजारी ने बताया कि नयन दर्शन उत्सव बुधवार शाम को मनाया गया। इसमें भजन-गीत और संगीत से भक्तिमय वातावरण निर्मित हुआ। इसके लिए कई भजन मंडली से जुड़ी महिलाओं ने संगीत संध्या को खास बनाया। उन्होंने बताया कि भक्तों की बढ़ी भीड़ को देखते हुए इस बार 11 क्विंटल गजा-मूंग का भोग लगाने के बाद रथयात्रा में प्रसाद दिया जाएगा। इसके साथ ही भगवान के रथ का साज-श्रृंगार किया गया है। आयोजन को सफल बनाने के लिए युवाओं की टोली बनाई गई है।



**रायपुर।** ज्येष्ठ पूर्णिमा तिथि पर देव स्नान के बाद भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा अस्वस्थ हो गए। इसके बाद वैद्य की सलाह पर उन्हें पंद्रह दिनों तक औषधीय भोग लगाया गया और ठीक होने पर बुधवार को भगवान ने नयन दर्शन दिए। इससे सभी जगन्नाथ मंदिरों में शाम को भक्तिमय वातावरण निर्मित हो गया। श्रद्धालुओं को उत्सव का माहौल देने के लिए महिलाओं की भजन टोलियों ने गीत-संगीत से सजाने का दायित्व निभाया। गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर समिति के प्रमुख पुरंदर मिश्रा ने बताया कि पूजा -अर्चना और मंत्रोच्चार के साथ शंख ध्वनि से रथयात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। इस रथयात्रा में प्रदेश के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री सहित जनप्रतिनिधि, संत-महात्मा और श्रद्धालु सहभागी बनेंगे। दोपहर तीन बजे भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा मंदिर परिसर से निकलेगी। रथयात्रा बी.टी.आई. मैदान एवं शंकर नगर मार्ग से होते हुए श्री जगन्नाथ चौक पहुंचेगी, जहां श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर सकेंगे। इसके बाद भगवान सायंकाल मौसी के घर (गुंडिचा मंदिर) के लिए प्रस्थान करेंगे। 21 क्विंटल गजा-मूंग का भोग अर्पित करने के बाद प्रसाद वितरित करने की तैयारी है।



### पारंपरिक रथयात्रा में शामिल होंगे श्रद्धालु

टूरी हटरी में बुधवार की शाम से ही बच्चों के लिए झूले मंदिर के बाहर सजने शुरू हुए। पुजारी तिलक दास ने बताया कि शाम को भजन -कीर्तन के बीच भगवान ने नयन दर्शन दिया। उन्होंने बताया कि गुरुवार दोपहर तीन बजे राजेश्री महंत रामसुन्दर दास पूजा-अर्चना करके रथ खीचेंगे। इस बार भक्तों को प्रसाद वितरण के लिए 6 क्विंटल गजा-मूंग का प्रसाद तैयार किया जाएगा। इसके वितरण और रथयात्रा को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारी बांटी गई है। वहीं, लिली चौक से निकलनी वाली पारंपरिक रथयात्रा के संदर्भ में पं. संजय जोशी ने बताया कि इस बार भक्तों को प्रसाद वितरित करने के लिए सवा क्विंटल गजा-मूंग का प्रसाद तैयार किया जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारी तय की गई है।

# आदि शक्ति की साधना के पर्व गुप्त नवरात्र का शुभारंभ, 22 जुलाई तक चलेगी विशेष पूजा





**रायपुर।** आदि शक्ति की गुप्त साधना का पर्व गुप्त नवरात्र का शुभारंभ बुधवार को हुआ है। इसके चलते प्रमुख देवी मंदिरों में उपासकों और साधकों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। मां जगदम्बा भगवती शक्ति की आराधना के इस पर्व का साधना करने वालों को बेसब्री से इंतजार रहता है। शास्त्रों में वर्षभर में चार नवरात्र होने का उल्लेख है। पंडित मनोज शुक्ला ने बताया कि इनमें दो नवरात्र को प्रत्यक्ष कहा गया है, जबकि दो गुप्त नवरात्र में शामिल होते हैं। यह चारों नवरात्र मनोकामना पूर्ति एवं सिद्धि करने के लिए मान्य पर्व होता है। गुप्त नवरात्र में भक्त, साधक, संन्यासी, सिद्धि प्राप्त करने वाले तांत्रिक-मांत्रिक देवी की उपासना करते हैं। देवी की दस महाविद्याओं की पूजा की जाती है। इस पर्व का तंत्र शक्तियों और सिद्धियों में विशेष महत्व है, जबकि प्रत्यक्ष नवरात्र में गृहस्थ जीवन व्यतीत करने वाले भक्त शामिल होते हैं।

### सिद्धि साधना, आत्मशांति के लिए श्रेष्ठ अवसर

पं. चंद्रभूषण ने बताया कि मां दुर्गा के 9 रूपों की पूजा करके लोग अपने घर-परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। गुप्त नवरात्र में भी अगर आमजन चाहें तो किसी विशेष इच्छा की पूर्ति या सिद्धि के लिए साधना, उपासना तथा पाठ आदि करके मनोरथ पूर्ण कर सकते हैं। गुप्त नवरात्र पर्व सिद्धि साधना, आत्मशांति के लिए श्रेष्ठ अवसर होता है। साल में चार नवरात्र होते हैं। इनमें दो गुप्त और दो प्रकट नवरात्रि मानी जाती हैं। आषाढ़ व माघ की नवरात्रि को गुप्त नवरात्रि कहा जाता है। चैत्र और आश्विन (क्वार) की नवरात्रि प्रकट (जागृत) मानी जाती हैं। चारों नवरात्रि भगवती मां जगदम्बा महामाया की आराधना के ही पर्व हैं, किन्तु गुप्त नवरात्रि तंत्र साधना के लिए विशेष रूप से श्रेष्ठ मानी जाती है।

### गुप्त नवरात्रि में मां जगदम्बा की आराधना

गुप्त नवरात्रि में दस महाविद्या, जो दस माता के रूप में जानी जाती हैं, उनकी आराधना की जाती है। इनके नाम हैं- काली, तारा, षोडषी, भुवनेश्वरी, भैरवी, छिन्नमस्तका, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी और कमला। इनकी आराधना से संतान सुख, उच्चाटन, विद्वेषण, मोहन, आकर्षण आदि कई सिद्धियों का लाभ प्राप्त होता है। राजनीतिक सफलता, पद प्राप्ति एवं आत्मसुख की प्राप्ति के लिए भी कई साधक गुप्त नवरात्रि में मां जगदम्बा की आराधना करते हैं। गुप्त नवरात्रि की संपन्नता 22 जुलाई को तथा देवशयनी एकादशी व्रत 25 जुलाई को मनाया जाएगा। इस एकादशी के दिन से सृष्टि संचालन का कार्यभार भगवान शिव शंकर पर आएगा। भगवान नारायण चातुर्मास देवउठनी एकादशी तक विश्राम करेंगे।


# शिविर से ब्लड बैंक को दिया 61 यूनिट रक्तदान

**रायपुर।** जिला चिकित्सालय अस्पताल में रक्त की कमी को देखते हुए बुधवार को आरवी ग्रुप, शिवपारा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 61 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जिसे जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक को उपलब्ध कराया गया। इस पहल से जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। रक्तदान शिविर का आयोजन आरवी ग्रुप के संरक्षक रवि सोनकर, अध्यक्ष मुकेश ढीमर, सलाहकार शंभू राठौर तथा उनके साथियों के सहयोग से किया गया। शिविर की सबसे खास बात यह रही कि आरवी ग्रुप के सलाहकार शंभू राठौर ने इस अवसर पर अपना 123वां रक्तदान किया। उनके इस योगदान की सभी ने सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। शिविर के दौरान ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. संत राम चुरेंद्र, काउंसलर टीएस एंथोनी, नर्सिंग ऑफिसर सती गुप्ता, लैब टेक्नोलॉजिस्ट रोशन सिंह, लैब टेक्नीशियन मधुसूदन देवांगन, हिमांशु चंद्राकर एवं माला देशमुख मौजूद थे।




# रोटरी एलिगेंस इंद्रधनुष के मंच पर लेंगे संकल्प

**रायपुर।** वीआईपी रोड सस्थित होटल बेबीलॉन इंटरनेशनल में मंगलवार की शाम साढ़े सात बजे से उत्सव का माहौल बनने वाला है। यहां रोटरी क्लब ऑफ रायपुर एलिगेंस द्वारा इंद्रधनुष का आयोजन किया जाएगा। 21 जुलाई को होने वाले इस आयोजन के दौरान शपथ ग्रहण समारोह खास होगा। इसमें नए प्रेसिडेंट नियुक्त होंगे और सब डिग्निटरीज शामिल होने के लिए दूसरे शहरों से आएंगे। इस प्रोग्राम के दौरान नए पदाधिकारी मंच पर एलिगेंस की परंपरा को आगे बेहतर स्वरूप देने का संकल्प लेंगे।










VY HOSPITAL
We care for your Health
|| मंगल भवन, अमंगलहारी ||
NABH
विश्वसनीय सुविधाओं और उत्कृष्ट देखभाल के साथ
VY हॉस्पिटल आपकी सेवा में तत्पर
DR PURNENDU SAXENA
MBBS,MS,DNB,FRCS(England) Mch (Liverpool) Arthroscopy & Joint Replacement Surgeon
DR VISHNU GUPTA
MBBS, MS.General, Laser& Laparoscopic Surgeon
DR ANAND P JOSHI
MBBS D. Ortho.,DNB, FRCS (England), Mch (Liverpool) Arthroscopy & Joint Replacement Surgeon
DR SHRIDHAR RAO
D. Ortho.
DR SUBIR SRIVASTAVA
MS (General Surgery)
DR RAJESH AGRAWAL
MD Medicine
DR ANIL KARNAWAT
MBBS, General Surgeon
DR MRS SUJATA RAJIMWALE
DIRECTOR
अपार विश्वास के लिए बहुत-बहुत
धन्यवाद !
11th ANNIVERSARY
हमारी प्रमुख सुविधाएँ
जनरल सर्जरी, लेजर एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
हड्डी रोगों की चिकित्सा एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
एंडोस्कोपी एण्ड गैस्ट्रो सर्जरी
कैंसर रोग एवं सर्जरी
इंटरनल मेडिसिन एवं इंटेन्सिव क्रिटिकल केयर
मस्तिष्क रोग एवं मस्तिष्क रोग सर्जरी
श्वसन एवं छाती रोग
मूत्र रोग सर्जरी
नाक, कान व गला रोग
हृदय रोग एवं सर्जरी
वेस्कुलर एवं इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी
नेफ्रोलॉजी और गुर्दे प्रत्यारोपण
पेन (दर्द) प्रबंधन
बर्न व प्लास्टिक सर्जरी
चर्म रोग
रुमेटोलाजी (गठियावात रोग विशेषज्ञ)
दंत रोग एवं मेक्सिल्लो फेशियल सर्जरी
स्त्री रोग
फिजियोथेरेपी
ब्लड बैंक सर्विसेस
आधुनिक तकनीक उन्नत सुविधाएँ
अनुभवी एवं विशेषज्ञ डॉक्टर
सुरक्षित, संवेदनशील एवं नैतिक देखभाल
पोस्ट ग्रेजुएट चिकित्सा शिक्षा का केंद्र
VY+
VY HOSPITAL
वीवायहॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ शासन आयुष्मान भारत योजना तथा सभी इंश्योरेंस संस्थाओं से मान्यता प्राप्त
केन्द्र सरकार (CGHS), कोल इंडिया लिमिटेड (SECL),आर्म फोर्स (CAPF, CRPF) के कर्मचारी एवं सेवा निःशुल्क (केशलेस) इलाज की सुविधा उपलब्ध
वी वाय हॉस्पिटल, रायपुर
छत्तीसगढ़ का विश्वसनीय सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल कमल विहार, रायपुर (छ ग)
#Rajesh
स्कैन करें हमसे जुड़े
0771-4622222, 7225024301, 7225024302
हेल्पडेस्क: 0771-4622200
टोल फ्री: 1800-123-4775
www.vyhospital.in
info@vyhospital.in
vyhraipur
vyhospitalrpr
@vyhraipur

## सिटी स्पोर्ट्स

### रायपुर ब्लॉक एवं जिला स्तरीय अंतर शालेय वेटलिफ्टिंग 18 को



**रायपुर।** रायपुर ब्लॉक एवं जिला स्तरीय अंतर शालेय 17 एवं 19 वर्षीय बालक/बालिका वेटलिफ्टिंग स्पर्धा 18 जुलाई शनिवार को जय सतनाम व्यायाम शाला, गुढ़ियारी में आयोजित की गई है। प्रतियोगिता स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के नियमानुसार होगी। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को निर्धारित प्रपत्र (एलिजिबिलिटी फॉर्म) 5 प्रति में लाना अनिवार्य है। सुबह 9:00 बजे से 10:30 बजे तक शरीर का वजन लिया जाएगा एवं 11:00 बजे प्रतियोगिता प्रारंभ होगी। समय पर उपस्थित ना होने वाले किसी भी खिलाड़ी को प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। शरीर का वजन वेटलिफ्टिंग कॉस्ट्यूम में लिया जाएगा तथा बिना कॉस्ट्यूम प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी। चयनित खिलाड़ी आगामी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

### सीएससीएस ने खिलाड़ीयों के लिए रखा एंटी डॉपिंग सेमीनार



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ ने विभिन्न वर्गों एवं श्रेणियों के पुरुष तथा महिला खिलाड़ियों एवं सपोर्ट स्टाफ के लिए एंटी डोपिंग संबंधी नियमों की जानकारी हेतु सेमीनार 14 जुलाई को आयोजित किया।

सेमीनार मे नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी (नाडा) की ओर से उपस्थित डॉ. नेहा सिंह ने नाडा के एंटी करप्शन नियमों की व्यापक जानकारी दी। डॉ. नेहा ने सभी खिलाड़ियों एवं संबंधित सर्पोट स्टाफ को डोपिंग से बचने आवश्यक उपाय एवं सावधानियों से अवगत कराया। साथ ही ऐसे माध्यम उपलब्ध कराये जहां से खिलाड़ी प्रतिबंधित दवाईयों तथा खाद्य पदार्थों की पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते है। सेमीनार में पुरुष तथा महिला वर्ग के विभिन्न श्रेणियों के खिलाड़ियों तथा सर्पोट स्टॉफ सहित लगभग 200 प्रतिभागी सम्मिलित हुए।

### अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी शिखर ने दिए खिलाड़ियों को टिप्स



**भिलाई।** एचवीसी ग्राउंड में वरिष्ठ भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम के सदस्य शिखर सिंह का एचवीसी के पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

वॉलीबॉल के उभरते हुए सितारे शिखर सिंह ने हाल ही में अहमदाबाद में आयोजित एवीसी कप वॉलीबॉल चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता है। वरिष्ठ भारतीय वॉलीबॉल टीम का प्रतिनिधित्व करने के अलावा, शिखर प्राइम वॉलीबॉल लीग के पहले संस्करण से ही खेल रहे हैं। उन्होंने उज्बेकिस्तान के फरगाना में आयोजित सेंट्रल एशियन वॉलीबॉल एसोसिएशन पुरुष वॉलीबॉल चैंपियनशिप में रजत पदक जीता है। सर्विसेज टीम के लिए खेलते हुए उन्होंने उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक भी जीता है 1

शिखर ने अपने वॉलीबॉल करियर की शुरुआत इस्पात क्लब, खुर्सीपार, भिलाई से की थी। इस अवसर पर उनका स्वागत एचवीसी के अध्यक्ष निर्मल सिंह और सचिव विनोद नायर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। इस दौरान वरिष्ठ वॉलीबॉल कोच वी.एन. सोनी भी उपस्थित थे।

### साईं में चयन के लिए वॉलीबॉल और तीरंदाजी का चयन ट्रायल आज से





**रायपुर।** भारतीय खेल प्राधिकरण के रायपुर सेंटर में तीरंदाजी और वॉलीबॉल के लिए चयन ट्रायल 16 और 17 जुलाई को राजधानी के बूढ़ापारा स्थित आउटडोर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। तीरंदाजी के लिए आयु समूह 12 से 18 और वॉलीबॉल के लिए यह 10 से 18 वर्ष है। सम्मलित होने वाले खिलाड़ी को राज्य स्तर पर आयोजित मान्यता प्राप्त टूर्नामेंट में उनकी भागीदारी होना अनिवार्य होगा। ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ी को जन्म प्रमाणपत्र, आधार कार्ड व हिस्सा लिए खेल का प्रमाण पत्र लेकर उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

---


गंभीर स्थिति आने से पहले ही उठाएं एहतियाती कदम

# पेट में तकलीफ हो सकती पित्त की थैली में पथरी, इन लक्षणों को नजरअंदाज करना पड़ सकता है भारी

पित्त की थैली में पथरी होने से पेट में दर्द होता है। साथ ही कई परेशानियां होने लगती हैं। इसका पता अक्सर गंभीर स्थिति में पता लगता है। इस लेख में हम आपको बताने वाले कि आप कैसे पता कर सकती हैं कि आपको गॉल ब्लैडर में स्टोन है या नहीं। जब भी पेट में दर्द होता है, तो अक्सर लोग उसे सामान्य गैस या एसिडिटी मानकर नजरअंदाज कर देते हैं। क्या आपको पता है कि कई बार यह पथरी का संकेत हो सकता है। पित्त की थैली हमारे शरीर का एक छोटा-सा, नाशपाती के आकार का अंग है, जो लिवर के ठीक नीचे स्थित होता है। इसका मुख्य काम लिवर द्वारा बनाए गए पित्त को स्टोर करना है।

पित्त फैट के पाचन में मदद करता है। जब पित्त में कोलेस्ट्रॉल और बिलीरुबिन जैसे पदार्थ असंतुलित हो जाते हैं, तो वे कठोर होकर छोटे पत्थरों का रूप ले लेते हैं, जिन्हें पित्त की पथरी कहा जाता है।

यह पथरी रेत जितनी बारीक और गोल्फ बॉल जितनी बड़ी भी हो सकती है। पित्त की पथरी अक्सर तब तक कोई लक्षण नहीं दिखाती जब तक कि वह बाइल डक्ट में रुकावट पैदा न कर दे। लेकिन, जब ऐसा होता है, तो शरीर के विभिन्न हिस्सों में ऐसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं जिन्हें बिल्कुल भी नजरअंदाज नहीं



करना चाहिए। आइए जानते हैं पित्त की पथरी के उन लक्षणों के बारे में, जो आपके शरीर के हर हिस्से में दिख सकते हैं।

### पित्त की थैली में पथरी के लक्षण

पित्त की पथरी के लक्षण हर व्यक्ति में अलग-अलग हो सकते हैं और कभी-कभी ये लक्षण अन्य पाचन संबंधी समस्याओं जैसे अपच या गैस से मिलते-जुलते हो सकते हैं। इसलिए, इन लक्षणों को ध्यान से समझना जरूरी है।

### पेट और पाचन तंत्र से जुड़े लक्षण



अचानक और तेज पेट दर्द होना पित्त की पथरी का सबसे मुख्य लक्षण है। दर्द अचानक से शुरू होता है और पेट के ऊपरी दाहिने हिस्से (जहां पित्त की थैली होती है) या पेट के बीच में महसूस होता है। यह दर्द अक्सर भारी खाना खाने के बाद शुरू होता है। दर्द कुछ मिनटों से लेकर कई घंटों तक रह सकता है। दर्द पीठ के ऊपरी हिस्से या दाहिने कंधे तक भी फैल सकता है। यह दर्द रुक-रुक कर आता है और बहुत तीव्र हो सकता है। खाना खाने के बाद पेट में भारीपन, गैस, पेट फूलना और अपच महसूस होना भी एक लक्षण है।

पेट दर्द के साथ मतली महसूस होना और कभी-कभी उल्टी होना भी आम है। यह बाइल डक्ट में रुकावट के कारण हो सकता है। अगर पित्त की पथरी डक्ट को पूरी तरह से भर देती है, तो पित्त आंतों तक नहीं पहुंच पाता। इससे मल का रंग हल्का या मिट्टी जैसा हो जाता है। वहीं, शरीर पित्त को निकालने की कोशिश में पेशाब का रंग गहरा कर देता है।

### त्वचा और आंखों से जुड़े लक्षण

बाइल डक्ट रुकने से ब्लड सर्कुलेशन गड़बड़ा जाता है। इससे त्वचा और आंखों का सफेद भाग पीला पड़ जाता है। इस स्थिति में पीलिया एक आपातकालीन स्थिति



हो सकती है।पित्त का रक्त में जमा होना त्वचा में खुजली का कारण बन सकता है।

### सामान्य शारीरिक लक्षण

यदि पित्त की पथरी के कारण पित्त की थैली में संक्रमण हो जाता है, तो इससे बुखार आ सकता है। ऐसे लोगों को बार-बार बुखार आता है। ठंड बहुत ज्यादा लगती है और कुछ भी खाने से पेट दर्द हो सकता है। पथरी होने से कुछ लोगों को लगातार दर्द बना रहता है। इससे पाचन संबंधी समस्याएं गंभीर हो सकती हैं। पथरी का दर्द पेट से पीठ और दाहिने कंधे तक फैल सकता है। कुछ लोगों को गर्दन या कंधे के ब्लेड के आसपास भी दर्द महसूस हो सकता है। जिन चीजों में फैट ज्यादा होता है, खासतौर से अनहेल्दी फैट और रिफाइन्ड कार्बोहाइड्रेट युक्त फूड आइटम्स पथरी बना सकते हैं। यह आपके कोलेस्ट्रॉल लेवल को बाइल में बढ़ाते हैं, जो धीरे-धीरे पथरी में तब्दील हो जाते हैं।

## शिल्प और चेतस संयुक्त बढ़त पर, अनिरूद्धी और निष्ठा भी आग



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के तत्वावधान में बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम, रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य अंडर-13 फिडे रेटेड शतरंज चैंपियनशिप 2026 का शुभारंभ बुधवार को रोमांचक मुकाबलों के साथ हुआ।

राज्य की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में 15 जिलों से आए कुल 126 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। जिनमें 46 फिडे रेटेड खिलाड़ी शामिल हैं। पहले दिन खेले गए मुकाबलों में प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट ओपनिंग तैयारी, सटीक मिडिल गेम के चालों तथा प्रभावशाली एंडगेम तकनीक का प्रदर्शन किया। पहले दिन खेले गए तीन मुकाबलों के बाद दुर्ग के शिल्प कुमार घोड़ेश्वर एवं चेतस मांडले अपने सभी मुकाबले जीत कर परफेक्ट स्कोर के साथ शीर्ष बोर्डों पर संयुक्त बढ़त बनाए हुए हैं, वहीं बालिकाओं में रायगढ़ की अनिरूद्धी अनंत 3.5 अंको तथा निष्ठा त्रिपाठी 3 अंको के आगे चल रहीं हैं। आगामी राउंडों में शीर्ष बोर्डों पर होने वाले मुकाबले चैंपियनशिप की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

प्रतियोगिता का संचालन फिडे के नियमों के अनुसार स्विस पद्धति से किया जा रहा है, जिससे सभी प्रतिभागियों को प्रतिस्पर्धात्मक एवं निष्पक्ष अवसर प्राप्त हो रहे हैं। इस राज्य स्तरीय चैंपियनशिप के प्रदर्शन के आधार पर दो बालक एवं दो बालिका खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय अंडर-13 शतरंज चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने हेतु किया जाएगा। इस कारण प्रतियोगिता का महत्व खिलाड़ियों के लिए और भी बढ़ गया है। प्रतियोगिता का सफल संचालन एवं तकनीकी पर्यवेक्षण रायपुर के अंतरराष्ट्रीय निर्णायक शुभम बसोने एवं बस्तर से फीडे आर्बिटर तरूण सारथी तथा दुर्ग से फीडे आर्बिटर अनिल शर्मा, सीनियर नेशनल आर्बिटर हर्ष मालेकर, सुरेश होता, मनोज कुमार एवं तृषा शर्मा के पर्यवेक्षण में किया जा रहा है, जिससे सभी मुकाबले अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ के नियमों मानकों के अनुरूप संपन्न हो रहे हैं। अभी प्रतियोगिता के चार राउंड शेष हैं। ऐसे में आगामी मुकाबले अत्यंत रोमांचक और उलटफेर वाले होने की उम्मीद हैं।

- छत्तीसगढ़ राज्य अंडर-13 फिडे रेटेड शतरंज चैंपियनशिप 2026 शुरु

## वन के बाद कुंड को कहां रखना चाहिए, जानें वास्तु नियम



वास्तु शास्त्र में पूजा-पाठ से संबंधित सभी चीजों को सही स्थान और दिशा में रखने का विधान है। हवन कुंड को अग्नि का आसन माना जाता है, जिसमें देवी-देवताओं को आहुतियां समर्पित की जाती हैं। यह अत्यंत पवित्र होता है और हवन के दौरान इसमें दिव्य ऊर्जा का संचार होता है। इसलिए हवन के बाद भी इसकी पवित्रता बनाए रखना आवश्यक है। यदि आपका हवन कुंड धातु जैसे कि तांबा, पीतल का बना है और आप उसे भविष्य में दोबारा उपयोग करना चाहते हैं, तो उसे अच्छी तरह से साफ करके और किसी स्वच्छ कपड़े से ढककर पूजा घर में या किसी सुरक्षित स्थान पर रख सकते हैं। ध्यान रहे कि इसे किसी अपवित्र वस्तु के संपर्क में न आने दें। आप पूजा स्थान या फिर सूर्य की दिशा यानी कि पूर्व दिशा में हवन कुंड को रख सकते हैं। इससे घर में शुभता का संचार होता है और व्यक्ति के जीवन में सकारात्मकता बनी रहती है।

### हवन के बाद कुंड को रखने के नियम

हवन कुंड केवल एक पात्र नहीं है, बल्कि यह वह स्थान है जहां अग्नि देवता का आह्वान किया जाता है और देवी-देवताओं को आहुतियां समर्पित की जाती हैं। हवन के दौरान इसमें ऊर्जा का संचार होता है और यह सकारात्मकता का केंद्र बन जाता है। हवन कुंड को रखने के लिए सबसे शुभ दिशा अग्नि कोण यानी दक्षिण-पूर्व दिशा मानी जाती है। यह दिशा अग्नि तत्व से संबंधित है और ऊर्जा तथा समृद्धि का प्रतीक है। इस दिशा में कुंड को रखने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बना रहता है और समृद्धि आती है। जिस स्थान पर हवन कुंड को रखा गया है, उस जगह की नियमित रूप से साफ-सफाई करें। धूल-मिट्टी या गंदगी कुंड की पवित्रता को कम कर सकती है।



## सुब्रतो कप फुटबॉल के दोनों वर्ग में बस्तर टीम विजेता

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में विगत 12 जुलाई से आयोजित राज्य स्तरीय शालेय खेल का स्वामी दूधधारी मठ ट्रस्ट समिति मठपारा रायपुर मे बुधवार को समापन हो गया। समारोह मे मुख्य अतिथि कलेक्टर डा गौरव सिंह ने कहा कि, छोटी छोटी गलतियों से सीखना चाहिए, वही छोटी गलतियां यदि सुधार ले तो शिखर छूने से कोई नही रोक सकता।

- 26 वीं राज्य स्तरीय शालेय सुब्रतो कप फुटबाल एवं बॉक्सिंग प्रतियोगिता का हुआ समापन

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी एमजी सतीश कुमार ने की। वहीं विशेष अतिथि के रूप मे संभागीय संयुक्त संचालक संजीव शुक्ला व सहायक संचालक इंद्रावती भवन (खेल) हिमांशु भारतीय रहे। सभी संभागों से आए जनरल मैनेजर का स्वागत प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया व सभी विशेष अतिथियों को जिला शिक्षा अधिकारी एमजी सतीश कुमार नै प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मंच संचालन वरुण पाण्डेय व चांदनी दीवान नै किया। आभार प्रदर्शन सहायक जिला खेल अधिकारी छाया प्रकाश राव ने किया।

प्रतियोगिता के अंतर्गत फुटबाल का आयोजन स्वामी



विवेकानंद स्टेडियम कोटा मे और बॉक्सिंग की समस्त स्पर्धाएं पंडरी स्थित प्रगति क्लब के हियाल बॉक्सिंग अरेना मे किया गया। प्रतियोगिता के अंतर्गत सुब्रतो कप फुटबॉल 15 वर्ष बालक वर्ग मे प्रथम बस्तर, द्वितीय रायपुर और तृतीय बिलासपुर रहे। 17 वर्ष बालक में प्रथम बस्तर, द्वितीय रायपुर और तृतीय सरगुजा रहे। 17 वर्ष बालिका मे प्रथम बस्तर, द्वितीय सरगुजा और तृतीय रायपुर रहे।

### बॉक्सिंग के परिणाम

14 वर्ष बालक मे प्रथम दुर्ग, द्वितीय रायपुर और तृतीय बस्तर रहे। 17 वर्ष बालक मे प्रथम बिलासपुर, द्वितीय दुर्ग और तृतीय रायपुर रहे। 17 वर्ष बालिका में प्रथम रायपुर, द्वितीय दुर्ग और तृतीय बिलासपुर रहे। 17 वर्ष बालिका मे प्रथम बिलासपुर, द्वितीय रायपुर और तृतीय दुर्ग रहे। 19 बर्ष बालक मे प्रथम दुर्ग द्वितीय रायपुर और तृतीय बिलासपुर रहे।

19 वर्ष बालक मे प्रथम रायपुर, द्वितीय दुर्ग और तीसरे स्थान पर बस्तर की टीम रही। ओवरऑल चैंपियन का ख़िताब रायपुर संभाग के नाम रहा। सम्पूर्ण बॉक्सिंग प्रतियोगिता के कुशल संचालन मे, संयोजक उमेश सिंह ठाकुर,तोषीण साहू, सीमावती भगत साहू, योगेंद्र कुमार, हिमांशु साहू, सीतेश्वर, रोहित, विशाल, सूरज वर्मा, अपर्णा, विवेक साहू और निकिता आडिल का योगदान रहा। वहीं फुटबॉल को संचालित करने में बृजभूषण ठाकुर, राहुल परिहार, ईश्वर राव, विमल साहू, बृजेश सिंह, रफीक खान, युवराज साहू, असीम, विशाल किसपोत्ता,संध्या साहू, चित्रांश राव, पप्पू सोनी, प्रवीण चंद्राकर, मेधा पटेल, कीर्ति पटेल, देविका यादव और अन्नपूर्णा रावत का योगदान रहा।



जिले के सभी व्यायाम शिक्षकों नै यातायात, भोजन, पात्रता जांच, जल व्यवस्था आवास व्यवस्था, मैदान व्यवस्था मे महति भूमिका निभाई। जिसमे विशाल पेशवानी, रितेश चंद्राकर, पीतांबर पटेल, हिमांता घाटगे और प्रकाश कश्यप शामिल हैं।

---

कार्नर न्यूज

रिलेशनशिप में बढ़ती दूरी से पनपती है बैक्सिंग

# आज के रिश्तों की सबसे बड़ी समस्या बन रही है बैंक्सिंग, पहचानिए इस नए ट्रेंड को

अगर आप भी किसी रिलेशनशिप में हैं और महसूस करते हैं कि सामने वाला धीरे-धीरे आपसे दूरी बना रहा है तो हो सकता है आप बैंक्सिंग के शिकार हो रहे हों। हर साल रिश्तों में कुछ नए ट्रेंड सामने आते हैं, कभी घोस्टिंग, कभी ब्रेडक्रंबिंग और अब आया है बैंक्सींग। ये ट्रेंड जितना नया है, उतना ही खतरनाक भी है क्योंकि यह धीरे-धीरे रिश्ते को तोड़ देता है, वो भी बिना कहे और बिना लड़े। अगर आप भी किसी रिलेशनशिप में हैं और महसूस करते हैं कि सामने वाला धीरे-धीरे आपसे दूरी बना रहा है तो हो सकता है आप बैंक्सिंग के शिकार हो रहे हों।

### क्या है बैंक्सिंग

बैंक्सिंग शब्द ब्रिटिश स्ट्रीट आर्टिस्ट बैंक्सी से प्रेरित है, जो अचानक किसी जगह आते हैं, अपना आर्ट बना जाते हैं और बिना बताए चले जाते हैं। रिलेशनशिप में जब कोई व्यक्ति बिना किसी वाजिब वजह के धीरे-धीरे गायब हो जाए, मतलब कॉल्स कम करना, टेक्स्ट्स का जवाब न देना, मिलने से बचना और फिर बिना क्लोजर दिए गायब हो जाए, तो उसे बैंक्सिंग कहा जाता है। यह घोस्टिंग से



थोड़ा अलग है, क्योंकि इसमें इंसान अचानक नहीं, बल्कि धीरे-धीरे रिश्ता खत्म करता है।

### बैंक्सिंग की पहचान

आपके पार्टनर का व्यवहार बताएगा कि आप बैंक्सिंग का शिकार हो रहे हैं। जैसे, अगर आपका पार्टनर अब आपकी बातों में रुचि नहीं लेता है तो हो सकता है कि वह इस रिश्ते से दूर हो रहा है। जब पार्टनर पहले की तरह आपसे मिलने या बात करने के लिए उत्साहित नहीं दिखता हो। अगर आपका पार्टनर मैं व्यस्त हूं, ये कहकर हर बार बात टाल देता हो। अब हमेशा अगर आप ही पहले बात शुरू करें और पार्टनर को आपसे बात शुरू करने में कोई रूचि न हो। पार्टनर अक्सर ऐसा करे कि आपके साथ प्लान तो बनाए लेकिन आखिरी वक्त में कैंसिल कर देता है।

इसका एक कारण टालने की मानसिकता है। कुछ लोग टकराव से बचने के लिए धीरे-धीरे दूरी बनाते हैं। यह दूरी रिश्ते में भावनात्मक लगाव और निकटता को कम कर देती है। नई प्राथमिकताओं के कारण भी बैंक्सिंग रिश्ते में जगह बना लेता है। जब जिंदगी में नए लोग, काम या शौक आ जाते हैं तो पुराने रिश्तों से ध्यान हटने लगता है। भावनात्मक रूप से उपलब्ध न होने के कारण भी बैंक्सिंग का शिकार हो सकते हैं। कुछ लोग शुरुआत में तो रिश्ते में रहते हैं, लेकिन धीरे-धीरे कमिटमेंट से डरने लगते हैं। बैंक्सिंग की एक वजह कायरता भी है यानी आप पार्टनर या रिश्ते से संतुष्ट नहीं है लेकिन उसे सीधे मना करने की हिम्मत नहीं कर पाते। ऐसे में ब्रेकअप की बजाए बैंक्सिंग करते हैं।



### बैंक्सिंग से कैसे बचें?

अगर आप चाहते हैं कि आप दोनों इस रिश्ते में अपनी रुचि को बनाए रखें तो अपने रिश्ते में संवाद को जगह दें। एक-दूसरे से खुलकर बात करें। आपको यह महसूस होने लगे कि पार्टनर रिश्ते में नदारद रहता है या वह आपको दूरी बना रहा है तो उससे सीधे बात करें। ताकि बैंक्सिंग की स्थिति से बचा जा सके।